संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरूवार, 26 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 355 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# प्रधानमंत्री मोदी ने मप्र को दी सौगात

## ● केन-बेतवा लिंक परियोजना का पीएम मोदी ने किया शिलान्यास

**बहुउद्देशीय**

**ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण एवं अटल ग्राम सेवा सदन का भूमिपूजन**




**टीम एक्शन इंडिया**
**खजुराहो/भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्य प्रदेश को मध्य प्रदेश को कई सौगातें दी। उन्होंने यहां खजुराहो में आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण एवं 437 करोड़ रुपये की लागत से 1153 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने मंच से पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दोपहर करीब एक बजे विशेष विमान से खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने स्वागत कर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री खुली जीप में सवार होकर बेतवा लिंक परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने हाथ जोड़कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों का अभिवादन किया। मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को भगवान राम के बाल काल की मूर्ति भेंट की। सांसद वीडी शर्मा ने पीएम मोदी को अलट की छोटी सी मूर्ति भेंट की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई ऐतिहासिक केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

### नदी जल का महत्व सबसे पहले आंबेडकर ने समझाः मोदी

**खजुराहो/भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के लिए नदी जल का महत्व सबसे पहले बाबा साहब आंबेडकर ने समझा। भारत में जो नदी घाटी परियोजनाएं बनीं, इसके पीछे उन्हीं का विजन था, लेकिन कांग्रेस ने कभी बाबा साहब को इसका श्रेय नहीं दिया। कांग्रेस की सरकारों ने उनके इस योगदान के लिए किसी को पता नहीं चलने दिया। उन्होंने कहा कि कई राज्यों के बीच नदी जल को लेकर विवाद चल रहा है। जिस समय कांग्रेस की सरकार थी, वो इस विवाद को सुलझा सकती थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अटलजी की सरकार ने पानी से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किया, लेकिन उनकी सरकार जाते ही कांग्रेस ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

# सीएम सैनी ने कोसली में परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

**सीएम का ऐलान**

**मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं, डहीना खण्ड को मानदंड पूरे होने पर दिया जाएगा उपमंडल का दर्जा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कोसली:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र की जनता को विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए 23 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कुल 6 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 20 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत की 4 परियोजनाओं का उद्घाटन और 2 करोड़ 51 लाख रुपये की लागत की 2 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। गांव बोहका में 33 के.वी. सब स्टेशन, धवाना से मंडोला सड़क तथा बोहतवास अहीर में पी.एच.सी. तथा लिलोध में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन का उद्घाटन किया गया है। इसी प्रकार गूगोड से तुम्बाहेड़ी तक और मूस्सेपुर से हालूहेड़ा सम्पर्क सड़क का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने जिला रेवाड़ी में कोसली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि डहीना खण्ड को मानदंड पूरे होने पर उपमंडल का दर्जा दिया जाएगा।

गांव नठेड़ा और सुर्खपुर में पंचायती जमीन उपलब्ध होने पर सब हेल्थ सेंटर का निर्माण किया जाएगा। गांव गुडियानी तथा रत्न थल में जमीन उपलब्ध होने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। गांव मोतलकलां में जलघर का निर्माण करवाया जाएगा।



# स्वर्ण पदक विजेता मनीषा दहिया का गांव में हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** मस्कट, ओमान में आयोजित महिला हाकी जूनियर एशिया कप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लोटी नाहरी गांव की बेटी मनीषा दहिया के सम्मान में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । गांव के लोग बड़े उत्साह से अपनी बेटी को ढोल नगाड़ों के साथ खुली जीप में बैठ कर कार्यक्रम सफल तक लेकर आए । महिलाओ, बुजुर्गो, युवा खेल प्रमियो, के परिवार के सदस्यों ने देश, प्रदेश, व गांव का नाम रोशन करने वाली अपनी बेटी को फूलों व नोटों की माला पहनकर बेटी को आशीर्वाद दिया । स्वर्ण पदक विजेता मनीषा दहिया ने बताया कि फाईनल मुकाबले में भारत ने चीन को 3-2 से हराकर यह प्रतियोगिता जीती है । कोच प्रीतम सिवाच की कड़ी मेहनत और अनुशासन से भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता है। मनीषा की दादी रोशनी देवी, मां पूनम देवी, पिता मुकेश दहिया ने बेटी का सम्मान करने पर खुशी व्यक्त की और आशीर्वाद दिया। मनीषा प्रतिदिन अपने पिता के साथ




सोनीपत अभ्यास के लिए जाती है। मनीषा दहिया 3 बार खेलो इंडिया रह चुकी है, खेलो इंडिया में बेस्ट प्लेयर गेम्स, खेल से सम्मानित है। नेशनल गेम्स में बेस्ट खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था ।

**गांव में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के बाद भी कोई सुविधा नहीं : पदम दहिया**
खेल प्रेमी पदम दहिया ने बताया कि गांव के युवाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर गांव का नाम रोशन किया है लेकिन दुख की बात है कि गांव में सरकार की तरफ से खेल स्टेडियम की सुविधा नहीं है । गांव में आपकी स्टेडियम में होने के कारण बेटी मनीषा भी प्रतिदिन प्रशिक्षण के लिए सोनीपत ही जाने को मजबूर है । गांव की लडकियो को प्रतिदिन सोनीपत व दिल्ली अभ्यास के लिए जाना पडता है। गाव के पहलवान, रवि दहिया ने टोक्यो ओलम्पिक में रजत पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने गाव में कुश्ती के इन्डोर स्टेडिय बनाने की घोषणा की थी लेकिन आज तक धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है । गांव के लोग अधिकारियों से भी मिल चुके हैं।

# सरकारी इनोवा गाड़ी को तेज रफ्तार कैंटर ने मारी टक्कर, कुक घायल

**गन्नौर:** हरियाणा भवन दिल्ली से चंडीगढ़ जा रही सरकारी इनोवा गाड़ी को एक तेज रफ्तार कैंटर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में गाड़ी में सवार एक कुक घायल हो गया। गाड़ी चालक ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में कैथल के राजौंद निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह रेडक्रास चंडीगढ़ में वाहन चालक के पद नौकरी करता है। वह 24 दिसंबर को वह हरियाणा भवन दिल्ली से इनोवा गाड़ी में सामान लेकर चंडीगढ़ के लिए रवाना हुआ था। गाड़ी में उसके साथ संजीत कुक भी बैठा था। जब वह मुरथल टोल से लड़सौली फ्लाईओवर पर पहुंचा तो पीछे से एक तेज रफ्तार कैंटर ने इनोवा गाडी को टक्कर मार दी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुड्डू पुत्र मोहम्मद जफर पता: मकान नं 432, गली नं.29, सी–ब्लॉक, खजूरी खास, नार्थ ईस्ट दिल्ली ने एफआईआर संख्या 145/21 धारा 33 एक्स एक्ट के तहत** थाना: जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया हैं कि उक्त **गुड्डू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुड्डू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 145/21 धारा 33 एक्स एक्ट के तहत थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के उक्त गुड्डू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
संघमित्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कोर्ट नं.54, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16894/SHD/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **निरपाल सिंह, एस.डी.ई. (ओ.एफ.सी.) एमटीएनएल** ने केस सीसी सं. 1957/20, **अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निरपाल सिंह** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **निरपाल सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त नोटिस की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस सीसी सं. **1957/20, अंतर्गत धारा 138 एनआई एक्ट, थाना पंजाबी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **निरपाल सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.01.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री सुभम गुप्ता**
महानगर न्यायाधीश, (एनआई एक्ट)
कमरा नं. 04 एनेक्सी-1
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
**DP/16907/WD/2024**
**(Court Matter)**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कपिल पुत्र स्व. विजय** निवासी मकान नंबर 2153 धोबीवाड़ा चांदनी चौक, दिल्ली ने **FIR.No. 951/2024 U/s 109 (1) 3 (5) BNS & 27 Arms Act.,** के अंतर्गत थानाः **कोतवाली,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कपिल** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कपिल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR.No. 951/2024 U/s 109 (1) 3 (5) BNS & 27 Arms Act.,** थानाः **कोतवाली,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कपिल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सायेशा चड्ढा, JMFC-08,**
कमरा नंबर 272, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/16841/N/2024

## न्यूज फ्लैश

### बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई, नमन कर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**राई।** बुधवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जीटी रोड बहालगढ़ स्थित भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल के कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। मास्टर सत्यनारायण ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए।भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल ने वाजपेयी जी के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। मास्टर सत्यनारायण ने अटल बिहारी वाजपेई को युग पुरुष बताते हुए उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों विदेश नीति भारत को परमाणु शक्ति बनाने का उल्लेख किया। देश में सड़कों का जाल बिछाने में अटल बिहारी वाजपेई की दूरदर्शिता का उल्लेख करते हुए इसे देश के विकास के लिए हम कदम बताया।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को सुशासन की शपथ दिलाई गई।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील उर्फ सन्नी गन्नौर का रहने वाला है। 24 दिसंबर को करनाल हाल जिला सोनीपत निवासी एक व्यक्ति ने थाना गन्नौर में सुनील उर्फ सन्नी के खिलाफ शिकायत देकर उस पर उसकी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित सुनील उर्फ सन्नी को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया।

### अधिवक्ता को धमकी देने और जातिसूचक शब्द कह अपमानित करने पर केस दर्ज

**गन्नौर:** गुमड़ गांव के एक अधिवक्ता ने फर्नीचर विक्रेता पर धमकी देने और जातिसूचक शब्द कह अपमानित करने का आरोप लगा कर थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में अधिवक्ता नवीन कुमार रंगा ने बताया कि उन्हें अपनी बहन की शादी के लिए फर्नीचर खरीदना था। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर वीडियो देखकर गोहाना के फर्नीचर विक्रेता शीलू ढोंचक से संपर्क किया। वीडियो में फर्नीचर विक्रेता द्वारा लड़कियों के शादी के सामान पर 10 प्रतिशत छूट देने की बात कही थी। आरोप लगाया कि जब वह फर्नीचर की दुकान पहुंचे, तो कर्मचारियों ने उनके साथ बदसलूकी की और छूट की बात को झूठा बताया। इसके बाद, जब उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर फर्नीचर विक्रेता की वीडियो पर टिप्पणी की, तो आरोपित ने उसे इंटरनेट मीडिया पर गालियां दी। इसके बाद आरोपित ने उसे इंटरनेट मीडिया पर फोन कर जातिसूचक शब्द कह कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपित ने उसे कथित रूप से जठेड़ी गैंगस्टर और राजनीतिक संबंधों का हवाला देते हुए धमकाया। अधिवक्ता ने सभी धमकियों की रिकार्डिंग और स्क्रीनशाट पुलिस को सौंप दिए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपित शीलू ढोंचक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रेलवे विभाग के कर्मचारी के घर में चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर:** महादेव नगर में एक रेलवे विभाग के कर्मचारी के घर से लाखों रुपये के सोने-चांदी के अभूषण व नगदी चोरी हो गई। रेलकर्मी ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में रेलवे कर्मी महादेव नगर निवासी आनंद ने बताया कि 24 दिसंबर को वह अपनी ड्यूटी पर चला गया व उसके बच्चे स्कूल चले गये थे। उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। जब वह शाम के समय घर लौटे को अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी से 3 सोने की चैन, 4 सोने की अंगुठी, 5 पायल, 4 चुटकी, 2 सोने के कड़े, 1 चांदी का हार, 2 चांदी के हथफूल, 1 सोने का टीका, 4 जोड़ी सोने की बाली, 1 चांद सूरज सोने का और एक सेट कान व गले का सोने का व 5 हजार नकद गायब मिले। आनंद ने बताया कि करीब तीन दिन पहले उनके पास एक युवक किराये पर रहने आया था। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खेल विश्वविद्यालय राई में होगा 6 दिवसीय 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई में 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित की जा रही 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी की तैयारियों को लेकर हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने प्रदर्शन स्थल का दौरा करते हुए अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 26 दिसंबर को प्रातः 11 बजे बतौर मुख्यातिथि हरियाणा के राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय करेंगे। उनके साथ विशिष्टद अतिथि के तौर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भी मौजूद रहेंगे। चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने सबसे पहले उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में तैयार किए जा रहे प्रदर्शनी स्थल का



निरीक्षण किया। इसके पश्चात एमपीएच हाल में बनने वाली स्टेज व बच्चों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने देशभर से आए बच्चों के ठहरने के लिए तैयार किए गए हास्टलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में देशभर के सभी 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक बाल वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम को लेकर अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस अवसर पर हरियाणा सैकेण्डरी एजुकेशन के निदेशक जितेन्द्र कुमार, उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार, माध्यमिक शिक्षा विभाग की अतिरिक्त निदेशक डा. अमृता सिंह, खेलकूद स्कूल के प्रशासकीय अधिकारी ले. कर्नल मोहित कपूर, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**बाल वैज्ञानिक**
▶▶ प्रदर्शनी में देशभर के सभी 28 राज्यों व 8 केंद्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक बाल वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे

### महिला ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मारपीट व घरेलू हिंसा के संबंध में महिला ने शहर थाना पुलिस में अपने पति के खिलाफ शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।
महेंद्रगढ़ सिटी थाना निवासी एक महिला नीतू ने पुलिस में 23 दिसंबर को शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि उसके पति का बाहर किसी लड़की के साथ अफेयर पाया गया है। अपने पति से दिनचर्या के लिए आवश्यक पैसे मांगने पर वह उसके साथ लड़ाई व मारपीट करता है। इसी के चलते उसने अपने बैंक खाते से कुछ रुपए खर्चो व कपड़ों के लिए निकलवाए थे। इसके बाद मुझे मारा पीटा गया तथा मेरे हाथ भी तोड़ दिया।

### पेड़ से गिरने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** एक युवक की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। वह भेड़-बकरियों के चारा लिए टहनियां काट रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से उसका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। युवक के नीचे गिरने से उसके सिर गंभीर चोट लगी, जिससे वह बेसुध हो गया। घटना स्थल पर मौजूद आसपास के लोगों ने देखा तो युवक को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
महेंद्रगढ़ जिले के गांव भगड़ाना निवासी सोमबीर ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है साथ ही भेड़- बकरियों का पालन करता है।

# न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तुलसी दिवस पर छात्रों व शिक्षकों ने की पूजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** खेवड़ा गांव के न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तुलसी दिवस मनाया गया। स्कूल के प्रबंधक सुरेश शर्मा व प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह ने तुसली मैया की पूजा की और तुसली दिवस का स्कूल के छात्रों को महत्व बताया। शर्मा ने कहा कि तुलसी दिवस हिंदू धर्म में तुलसी (पवित्र तुलसी पौधे) के महत्व को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। तुलसी को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र और देवी लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। इसे भगवान विष्णु को प्रिय माना जाता है। तुलसी का उपयोग पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता है। प्रबंधक सुरेश शर्मा ने कहा कि तुलसी पौधे में औषधीय गुण होते हैं और यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। तुलसी का पौधा हवा को शुद्ध करता है और वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है। तुलसी को घर में लगाना शुभ माना जाता है।

**तुलसी दिवस**
▶▶ तुलसी का पौधा हवा को शुद्ध करता है और वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाता है

**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## सार्वजनिक सूचना

मैं दीपांकर सुपुत्र श्री रमन एवं स्व० श्रीमती मीनाक्षी निवासी एम-484, जे० जे० कॉलोनी, सावदा, घेवरा, दिल्ली-110081, सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे सभी कागजातों मे मेरा नाम दीपांकर है तथा मेरी माँ मीनाक्षी के केनरा बैंक के खाते मे मेरा नाम अर्जुन के रूप मे नामित है। अर्जुन तथा दीपांकर दोनों एक ही व्यक्ति हैं।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## नाम परिवर्तन

मैं, बाला देवी पत्नी श्री रमेश कुमार निवासी गांव जौरासी सर्फ खास,तहसील समालखा, जिला पानीपत सूचित करती हूं कि मैने अपना नाम बाला देवी से बदलकर शांति रख लिया है। भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यों के लिए शांति के नाम जाना व पुकारा जाए।

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# गन्ना किसानों को ₹401 प्रति क्विंटल



## देश में सबसे ज़्यादा दाम देने वाला राज्य पंजाब

गन्ने के दाम में ₹10 का इज़ाफ़ा, देश में सबसे ज़्यादा दाम देने वाला राज्य बना पंजाब

गन्ना किसानों को ₹764.99 करोड़ का भुगतान

वर्ष 2024-25 में गन्ने की काश्त अधीन क्षेत्रफल 54,302 से बढ़कर 56,391 हेक्टेयर हुआ

"किसान पूरे देश का पेट भरते हैं। उन्हें आर्थिक रूप से मज़बूत करना हमारा कर्तव्य है। यह पहल गन्ना किसानों के जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों में समाहित है समानता और शांति का मार्ग: राज्यपाल

**पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश सभी प्राणियों की एकता, निस्वार्थ भाव और भलाई के प्रति समर्पण के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने का देते है संदेश**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेश सभी प्राणियों की एकता, निस्वार्थ भाव और भलाई के प्रति समर्पण के साथ-साथ कर्तव्यों का पालन करने का संदेश देते है। इस पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों में समानता और शांति का मार्ग समाहित है। इन उपदेशों को आज पूरी मानव जाति को धारण करने की जरूरत है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को पंजाबी धर्मशाला कुरुक्षेत्र के सभागार में विश्व विख्यात संत अवधूत श्री श्री गणपति सच्चिदानंद स्वामी द्वारा आयोजित सम्पूर्ण श्रीमद भगवद गीता परायण यज्ञ के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। इससे



पहले राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दीपशिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से सम्पूर्ण श्रीमद भगवद गीता परायण महायज्ञ का शुभारंभ किया। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर शायद पहला अवसर है कि करीब 50 देशों से आए अप्रवासी भारतीयों ने श्रीमद्भागवत गीता के संपूर्ण 700 श्लोकों का समवेत स्वर में पाठ किया। राज्यपाल ने सभी श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर कुछ दिन पहले ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में वैश्विक गीता पाठ के श्लोकों का उच्चारण देश ही नहीं विदेशों में भी किया गया। इससे पूरे

**महोत्सव**

**▶▶ कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर कुछ दिन पहले ही अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया**

विश्व में उपदेशों के माध्यम से शांति का संदेश गया।
उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात संत अवधूत श्री श्री गणपति सच्चिदानंद स्वामी जी पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को एक मिशन के रूप में लेकर पूरी मानवता जाति तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे है। पवित्र ग्रंथ गीता की शिक्षाएं, जो भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर महाभारत के दौरान अर्जुन को दी थी, मानवता की सेवा में गहन महत्व रखती है क्योंकि व निस्वार्थ सेवा, कर्तव्य और करुणा के मूल्यों पर जोर देती है। इतना ही नहीं गीता के उपदेश पूरी मानवता को कर्म करने का संदेश देते है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में जन चेतना जागृत होगी और लोग समाज की सेवा के लिए आगे आएंगे।
इस गीता परायण यज्ञ का नेतृत्व विश्व विख्यात संत अवधूत श्री श्री गणपति सच्चिदानंद स्वामी जी ने किया। मैसूर स्थित अवधूत दत्त पीठम के पीठाधीश्वर श्री श्री गणपति सच्चिदानंद जी के विश्व भर के पचास से अधिक देशों में फैले हुए भक्त समुदाय ने पहली बार भारत आकर कुरुक्षेत्र की पवित्र और दिव्य धरा पर श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों का पाठ किया है।

# चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक स्कूल फेस्ट धूमधाम से मनाया

**उमंग**

**▶▶ छात्रों ने जल संरक्षण, सोशल मीडिया का दुरुपयोग को लेकर सभी अभिभावकों को जागृत किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में वार्षिक स्कूल फेस्ट मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हुसा संगठन के गन्नौर अध्यक्ष सुशील त्यागी ने शिरकत की। स्कूल पहुंचने पर विद्यालय के निदेशक अजय यादव, प्रधानाचार्या निधि जैन ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत । मुख्यातिथि का स्कूल पहुंचने पर छात्रों ने मार्च पास्ट करते हुए सलामी दी। तत्पश्चात दीप प्रज्लवित कर तुलसी पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की ' इसके उपरांत विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक



कार्यक्रम किए, कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा सोशल मीडिया का दुरुपयोग को लेकर सभी अभिभावकों को जागृत किया ' इसके अलावा विद्यार्थियों के द्वारा खेलो में भी अपनी प्रतिभा दिखाई । जिसमें ओलंपिक खेलों के प्रति भी एक झलक प्रस्तुत की गई तथा शरीर को निरोग रखने के लिए योगमय भारत का संदेश देकर विद्यार्थियों के द्वारा एक योग की प्रस्तुति की गई ' आयोजन मे संपूर्ण विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे ' आयोजन में अभिभावकों ने भी रस्सा कसी सुई धागा, सर्कल दौड़ आदि का आनंद लिया विजेता अभिभावकों को सम्मानित किया प्रधानाचार्या निधि जैन ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विद्यार्थियों के प्रयास की प्रशंसा की।

विद्यालय की निदेशक अजय यादव ने मुख्य अतिथि का समवर्ती चिन्ह देकर स्वागत करते हुए कार्यक्रम में आए सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया । अभिभावकों ने कार्यक्रम की भरपूर प्रशंसा की।

# तुलसी माता को अशुद्ध हाथों से न छूएं: नवीन संदूजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत नित्य प्रति योग गुरु नवीन संदूजा कर्ण पार्क मानव सेवा संघ में अपनी निशुल्क योग कक्षा का संचालन करते हैं। कक्षा में राष्ट्रीय उत्सव या कोई भी धार्मिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और समय-समय पर धार्मिक यात्रा चाहे वो वृन्दावन यात्रा, हरिद्वार गंगा स्नान या बाबा अमर नाथ यात्रा, कश्मीर की सैर का आयोजन भी इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन या जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। इसी उपलक्ष में आज तुलसी दिवस, क्रिसमस एवं बाल शहीदी दिवस, कक्षा द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने बताया कि तुलसी दिवस का दिन बेहद ही शुभ माना जाता है। यह दिन देवी तुलसी को समर्पित है। हिन्दू धर्म में इस दिन का बड़ा महत्व है। इस दिन व्रत रखने के साथ तुलसी के पौधे की विशेष पूजा होती है, जिससे अक्षय फलों की प्राप्ति होती है। हर

**तुलसी पूजन**

**▶▶ कक्षा में राष्ट्रीय उत्सव या कोई भी धार्मिक उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है**

साल यह 25 दिसंबर को मनाया जाता है। उन्होंने कक्षा में उपस्थित योग शिक्षको को बताया कि आज के दिन तामसिक चीजों से परहेज रखें, धार्मिक कार्यों से जुड़ें। इस तिथि पर हो सके तो गंगा नदी में पवित्र स्नान करें। इस दिन तामसिक भोजन का सेवन करने से बचें। इस तिथि पर ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन और कपड़ों का दान करें। इस दिन किसी के साथ विवाद न करें। इस दिन तुलसी पत्र तोडने.से बचें। इस दिन ज्यादा से ज्यादा तीर्थ स्थलों पर जाएं और पूजा करें। इसके अलावा इस मौके पर झूठ, ईर्ष्या और लालच करने से बचें।

# अटल जी ने पोखरण परीक्षण कर देश को दुनिया में बनाया ताकतवर : रमेश

**नमन किया**

**▶▶ वाजपेई जी के चित्र पर भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज पूरे देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के फलस्वरूप भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में भाजपा जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपा के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने अपने शासनकाल में पोखरण में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणु ताकतों वाले देशों की सूची में शामिल कर दिया। परमाणु परीक्षण के बाद देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी खुद धमाके वाली जगह पर गए थे। भारत के इस परमाणु परीक्षण से पूरी दुनिया स्तब्ध रह गई थी। अमेरिका नहीं चाहता था कि कोई उसकी बराबरी कर सके। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके गुणों को अपने जीवन में उतारते हुए कभी झूठ न बोलने का संकल्प लें।

कार्यक्रम के संयोजक अशोक भंडारी ने कहा कि आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है, जिसे सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया है। उन्होंने बताया कि अटल जी की जन्म शताब्दी के इस वर्ष में पूरा साल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# रोबोटिक सर्जरी से सिजेरियन स्कार प्रेग्नेंसी की देखभाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ : सीके** बिड़ला अस्पताल में स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग की निदेशक डॉ. अरुणा कालरा ने आधुनिक रोबोटिक सर्जिकल तकनीकों का उपयोग करके सिजेरियन स्कार प्रेग्नेंसी (सीएसपी) के एक दुर्लभ और जानलेवा मामले का सफलतापूर्वक समाधान किया। यह प्रणाली जटिल मैटरनल हेल्थ संबंधित चुनौतियों से निपटने में आधुनिक तकनीक की क्षमता को साबित करती है। इसने न केवल रोगी की जान बचाई बल्कि उसका परिवार आगे बढ़ाने के सपने को भी साकार किया।कानपुर की 32 वर्षीय रोगी अपने पेट के निचले हिस्से में गंभीर दर्द और लो ब्लड प्रेशर की गंभीर समस्या के साथ आई थी। जांच के बाद उसे 6 सप्ताह की स्कार एक्टोपिक प्रेग्नेंसी का पता चला, जो एक ऐसी स्थिति होती है जिसमें गर्भावस्था पिछले सिजेरियन स्कार के पाउच में प्रत्यारोपित हो जाती है। दो पूर्व सिजेरियन प्रसवों के कारण, निशान वाली जगह पर मरीज की पतली गर्भाशय दीवार के फटने का खतरा था, जिससे उसकी जान को भी जोखिम था। उसकी स्थिति स्थिर होने के बाद, डॉ. कालरा और उनकी टीम ने एडवांस्ड रोबोटिक सर्जरी का उपयोग करके एक्ओपिक गर्भावस्था समाप्त करने और उसके गर्भाशय के निशान एवं जख्म को ठीक करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया।

# बच्चों को बनाया गया मजदूर, एक्शन की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**स्कूल में** बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं, लेकिन क्या हो जब बच्चों को पढ़ाने की बजाये स्कूल के टीचर उनसे मजदूरी कराने लगें, बच्चों से मिडडे मील के राशन की भरी हुई बोरियां उठवाने लगें। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिखाया गया है कि बुलंदशहर के एक स्कूल में बच्चों से पढ़ाई करवाने की बजाये मजदूरी कराई जा रही है। बच्चों से गेहूं के बोरे ढुलवाए जा रहे हैं। इससे शहर भर में स्कूल के टीचरों और स्टाफ को लोग कोस रहे हैं। वीडियो देखने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। यह शर्मनाक घटना

**जांच के आदेश**

**▶▶ बच्चों से ढुलवाई गई राशन की बोरियां अभिभावकों में मचा हड़कंप, वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल**

यूपी के बुलंदशहर के एक प्राइमरी स्कूल की है। यहां स्कूल प्रशासन बच्चों से गेहूं के बोरे उठवा रहा है। बता दें कि यह बोरे 50 -50 किलो तक के होते हैं और छोटे छोटे बच्चे इसको उठाते है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक बच्चा इस 50 किलो के बोरे को नहीं उठा पा रहा है। जब बच्चा खुद 40 किलो का होगा तो वह 50 किलो का वजन कैसे उठा पायेगा। लेकिन स्कूल के टीचरों को इस बात से कोई मतलब नहीं है। बस कैसे भी अनाज का बोरा गोदाम में जाना चाहिए। बच्चा जब बोरा नहीं उठा पाया तब दूसरा बच्चा आया। फिर दोनों मिलकर बोरा उठा कर ले गये। बताया गया है कि बुलंदशहर में गांव रोरा के परिषदीय विद्यालय में मिडडे मील के लिए गेहूं के बोरे पहुंचे थे। लेकिन मजदूरों को बुलाने की बजाये स्कूल के स्टाफ ने इन भारी भारी बोरों को बच्चों से उठाने को कहा। मामले की जांच की जा रही है और दोषी साबित होने पर टीचरों पर कार्यवाही भी हो सकती है।

# सरकारी योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही असल मायने में सुशासनः गंगवा

**समारोह**

**▶▶ कई विभागों की कार्यप्रणाली ऑनलाइन हो गई है, जिससे लोगों को दस्तावेज व दरख्वास्त से निजात मिली है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय सुशासन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही सही मायने में सुशासन है। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम इस कर्तव्य को बेहतर तरीके से पूरा करेंगे। रणबीर गंगवा ने कहा कि 25 दिसंबर का दिन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि इस दिन भारत की 2 महान विभूतियों पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी तथा महामना मदन मोहन मालवीय का जन्मदिन है, तभी इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में कई विभागों की कार्यप्रणाली ऑनलाइन हो गई है, जिससे लोगों को दफ्तरी दस्तावेज व दरख्वास्त से निजात मिली है और प्रदेश में सुशासन स्थापित हुआ है।
उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सुशासन की परिकल्पना को सही मायने में चरितार्थ कर रही है। हरियाणा सरकार ने बड़े विभागों में कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर नीति लागू कर सुशासन व्यवस्था को देश के समक्ष एक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है। आज कई राज्य हरियाणा की ट्रांसफर नीति का अध्ययन कर रहे हैं और अपने राज्यों में लागू करने की प्रक्रिया अपना रहे हैं।

**विकसित भारत के चार स्तम्भ के लिए बन रही नई-नई योजनाएंः** रणबीर गंगवा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों के कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा रहा है। युवाओं को पारदर्शी मेरिट के आधार पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के समक्ष एक मिसाल पेश की है।

# मार्केट में आसपास चक्कर काटते दिखें छोटे बच्चे तो हो जाएं सावधान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा: अगर आप** रोड में हों, मार्केट में हों या कहीं ट्रैवल कर रहे हों और आपके सामने कुछ मासूम से बच्चे आकर चक्कर काटने लगें तो बच्चों से लाड़ प्यार जताने की बजाये तुरंत सावधान हो जाएं, क्योंकि हो सकता है यह बच्चे आपका ध्यान अपनी तरफ खींचकर बहुत ही सफाई से आपका सामान, पर्स, मोबाइल और चेन ही गायब कर दें और आपको इसका पता ही नहीं चले। और जब तक आपको लूट का पता चलेगा तब तक यह बच्चे वहां से गायब हो जायेंगे। जी हाँ, नोएडा में ऐसे ही बच्चों के झपटमार गिरोह का आतंक जोरों पर है। गिरोह में 12 साल से लेकर 16 साल

**बरतें सावधानी**

**▶▶ हो सकता है आपका मोबाइल, पर्स और सामान चोरी, नोएडा में पुलिस ने पकड़ा छोटे बच्चों का झपटमार गिरोह**

तक के अपराधी बच्चे शामिल हैं। यह बाल अपराधी बड़ी मार्केट के साथ वीकली मार्केट में भी अपने शिकार की तलाश में घूमते रहते हैं। यह बाल अपराधी महिलाओं को ज्यादा अपना शिकार बनाते हैं। ऐसे ही एक बाल अपराधियों के खतरनाक गैंग को गौतमबुद्धनगर के फेज-2 थाना पुलिस ने पकड़ा है, जिसे 12 साल के बच्चे से लेकर 16 साल के किशोर चला रहे थे। इन मासूम बाल अपराधियों को देखकर पुलिस तक चकरा गई। यह गैंग चोरी के सामान को झारखंड और वेस्ट बंगाल में बेच रहा था। बच्चों के पास से दिल्ली एनसीआर से चोरी किये गए 57 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गैंग में चार झारखंड के और एक वेस्ट बंगाल का रहने वाला बच्चा है। उन पर जुवेनाइल नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि यह बच्चे भीड़ में लोगों के साथ चलते थे और लोगों के मोबाइल और बैग से नजर हटते ही चोरी कर फरार हो जाते थे। अगर कभी कोई पकड़ा भी जाता था तो बच्चा समझकर लोग सिर्फ डांटकर भगा दिया करते थे। हैरानी की बात यह है कि यह बच्चे अपने घर से चार -पांच दिन के लिए ही ट्रेन से आते थे। यह बच्चे इतने शातिर होते हैं कि जहां वह किराये पर कमरा लेते थे तो मकान मालिक को पैरंट्स के आने पर आईडी देने की बात करते थे। उसके बाद वे कई मार्केट में चोरी करके घर लौट जाते थे। और वहीं चोरी के मोबाइल को बेचा करते थे। इतना ही नहीं यह बच्चे शादियों में घुसकर भी चोरियां किया करते थे। पुलिस को शक है बच्चों की गैंग को कुछ बड़े गैंग वाले ऑपरेट करते हैं।

# बेटे ने रोका पिता का संस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा की भोला कॉलोनी में एक 91 वर्षीय बुजुर्ग की मौत के बाद परिवार में विवाद खड़ा हो गया। दाह संस्कार की तैयारी के बीच छोटे बेटे ने बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को बुला लिया। विवाद बढ़ता देख पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक 91 वर्षीय बुजुर्ग इंद्र सिंह मूलरुप से नारा गांव के रहने वाले थे। पहले 8-9 महीने तक छोटे बेटे शमशेर के पास रहते थे, लेकिन करीब पांच-छह महीने से अपने बड़े लडके दलबीर के पास घरौंडा में रह रहे थे।

# अब लावारिस लाशों की पहचान को अपनाई जाएगी बायोमेट्रिक टेक्निक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: देश भर में बहुत से लोग अपने घर** - परिवार से दूर होकर रोजगार करते हैं तो कुछ घर से भाग जाते हैं। उनमें से कुछ लोग कभी हादसे का शिकार होकर मर भी जाते हैं तो पुलिस के लिए उनकी लाशों को पहचान पाना मुश्किल हो जाता है। कभी कभी हत्या के मामलों में कातिल लाश को जला देते हैं या फिर चेहरे को इतना बिगाड़ देते हैं कि लाश की पहचान नहीं हो पाती है। उसके बाद पुलिस को मजबूरी में लाश को जलाना या दफनाना पड़ता है। और किसी को पता ही नहीं चलता कि मरने वाला कौन था। बता दें कि देश में ऐसे लाखों मामले हुए हैं, जिनमें लाशों का पता ही नहीं चला कि वे असल में कौन थे। ऐसे बहुत से परिवार होते हैं जो अपनों से दूर हुए किसी सदस्य का इंतजार उम्र भर करते हैं, लेकिन वे कभी वापस नहीं आते है। परिवार वाले कभी नही जान पाते हैं कि उनका लाड़ला भाई, बेटा और बेटी जिन्दा भी है कि नही। या कहीं पर लावारिस लाश बनकर जला दिया गया है।
लेकिन अब जाकर लावारिस लाशों की इस समस्या पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का ध्यान गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लावारिस लाशों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक तकनीक अपनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह आदेश एनसीआरबी के साथ तीन नए कानूनों को लागू करने की बैठक में दिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लावारिस लाशों और लापता हुए, लेकिन 'ढूंढ लिए गए लोगों' की पहचान के लिए बायोमेट्रिक तकनीक के इस्तेमाल की जरूरत पर जोर दिया।
अमित शाह ने आपराधिक जांच के सभी मामलों में तकनीक के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मामले के निपटारे तक की समय सीमा भी तय की जानी चाहिए। गृहमंत्री के आदेश के बाद उम्मीद है कि लावारिस लाशों के पहचान में अब आसानी होगी। वैसे भी अब देश के अधिकांश नागरिकों के आधार कार्ड बन चुके हैं, जिससे बायोमेट्रिक टेक्निक से लाशों की पहचान होने में मदद मिलेगी।

# गीता विद्यालय में मनाया गया धूमधाम से वार्षिक उत्सव झंकार

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** 25 दिसंबर 2024 को अपराह्न 2:00 बजे श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के प्रांगण में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश नगर मंत्री हरियाणा सरकार मुख्य वक्ता विजय नड्डा (संगठन मंत्री, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र), विशिष्ट अतिथि सुभाष कलसाना (पूर्व छात्र) तथा उपेंद्र सिंघल (मानद सचिव कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड) और कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष सुधा (पूर्व राज्य मंत्री हरियाणा) ने भारत माता ,मां सरस्वती और ॐ के चित्रों पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। इस पुनीत कार्य में विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र सिंगला, उपाध्यक्ष अशोक रोशा, प्रबंधक विरेंद्र



वालिया कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी विद्यालय समिति के सदस्य एवं छात्रावास पालक जंग बहादुर सिंगला तथा अन्य मुख्य अतिथियों ने भी साथ दिया इस अवसर पर माँ तुलसी का गंगाजल के द्वारा स्नान और पूजा अर्चना किया गया। साथ ही हमारे धार्मिक ग्रंथ गीता का पूजन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। मुख्य अतिथियों ने विद्यालय में पूजन करने के बाद विद्यालय में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और साथ-साथ कोच गौरव के नेतृत्व में मलखंब करते हुए छात्रों के अदम्य साहस ,अनुशासन और एकाग्रता ने सभी का मन मोह लिया । मान्य अतिथियों द्वारा उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। छात्रों द्वारा किए गए शारीरिक प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी आगंतुक

**उमंग**

**▶▶ मुख्य अतिथियों ने विद्यालय में पूजन करने के बाद विद्यालय में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

अतिथियों को करतल ध्वनि की गई।। महाभारत काल की पुरातत्व वस्तुओं तथा ग्रामीण दृश्य की झांकियां ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा विद्यालय देखा है जहां पर शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का बेजोड़ तालमेल है।
गुरुकुल और आश्रमों की पुरातन शिक्षा पद्धति तथा नवीन शिक्षा नीति का तालमेल बहुत ही सराहनीय है। यहां के पुरातन छात्रों की सूची तथा उनके पदों की योग्यता को देखकर और उनके द्वारा विद्यालय में दिए गए सहयोग को देखकर मैं बहुत ही प्रसन्न हुआ । यहां के योग्य निष्ठावान और समर्पित आचार्य को देखकर मुझे अब बहुत ही विश्वास के साथ कहना पड़ रहा है कि यह विद्यालय अपनी पुरातन उपलब्धियां को और अधिक साकार करेगा। यह विद्यालय कुरुक्षेत्र के ही नहीं बल्कि लाजपत छात्रावास के माध्यम से देश के सभी नागरिकों का उत्थान करने के लिए कटिबंध है यह बहुत ही खुशी का विषय है मैं सभी को हृदय से नमन करता हूं।

## संपादकीय

# गठबंधन में अकेली होती कांग्रेस

**भारत की** राजनीति निश्चित ही अनिश्चितता का एक ऐसा खेल है, जिसका सीधा-सा आशय नहीं निकाल सकता। यानी जो दिखता है, वैसा होता नहीं है और जो हो जाता है, वह दिखता नहीं है। इसी कारण से कभी-कभी राजनीति से अविश्वास भी होने लगता है। यह अविश्वास केवल जनता के मन में उपजता है, ऐसा नहीं है, राजनीति के ज्ञाता भी इसकी परिधि में गाहे-बगाहे आ जाते हैं। आज के दौर में कांग्रेस के प्रति भी अविश्वास का भाव लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान केंद्र सरकार पर निरंतर हमालवर रहने वाले इंडी गठबंधन के राजनीतिक दल आज स्वयं के लिए अलग मार्ग तलाशते दिख रहे हैं। कोई दल कांग्रेस को भाव देने को तैयार नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि कांग्रेस आज भी इस सच को आईने में देखने को तैयार नहीं है। आज कांग्रेस की सच्चाई यही है कि उसे अपनी विरासत पर ही भरोसा है, इसके अलावा अन्य राजनेता भले ही बड़े पद पर पहुँच जाएं, उन्हें जितना महत्व मिलना चाहिए उतना मिलता नहीं है। वर्तमान में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कमोबेश ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं। वे सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के समक्ष लगभग नतमस्तक से दिखाई देते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के नतीजे को कांग्रेस भले अपने लिए सफलता माने लेकिन वह सफलता इसलिए नहीं मानी जा सकती, क्योंकि यह कांग्रेस की स्वयं की राजनीतिक ताकत नहीं थी, इसमें इंडी गठबंधन के दलों का योगदान था। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के नतीजों में विपक्षी दलों को निश्चित ही अपेक्षित सफलता मिली, लेकिन इसे कांग्रेस की सफलता नहीं माना जा सकता। अगर कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी नहीं होती तो कांग्रेस की इतनी सीटें नहीं आती। सत्य यही है कि आज कांग्रेस बिना गठबंधन के आगे बढ़ नहीं सकती लेकिन कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार ऐसा है कि वही सबका नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा नहीं है। इसी कारण इंडी गठबंधन में दरार पैदा करने वाले स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक आकलन किया जाए तो इन स्वरों के यही निहितार्थ निकल सकते हैं कि कांग्रेस के पास इंडी गठबंधन को नेतृत्व देने का सामर्थ्य नहीं है। पश्चिम बंगाल में अपने राजनीतिक कौशल का लगातार परिचय देने वाली तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए व्याकुल दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि वे किसी और के नेतृत्व में काम करने के लिए सहज नहीं हैं। इसलिए उन्होंने यह स्वयं ही कहा है कि अगर कांग्रेस चाहे तो तृणमूल कांग्रेस गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। इसका आशय पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस में अब नेतृत्व करने की शक्ति नहीं बची है। हर जगह से कांग्रेस को आईना दिखाने का क्रम प्रारम्भ हो चुका है, लेकिन कांग्रेस में तो केवल और केवल इसी बात की राजनीति की जा रही है कि राहुल और प्रियंका को कैसे स्थापित किया जाए। इसी के चलते कांग्रेस अन्य दलों की लगभग अनदेखी-सी करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस अनेक बार उत्थान और पतन की राजनीति से गुजरी है। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में पराजय का दंश झेलने वाली कांग्रेस की विसंगति यही है कि वह केवल विरोध करने की राजनीति ही कर रही है।

# कर्मचारियों की कमी से जूझती शासन व्यवस्था

**प्रियंका सौरभ**

> "नवाचार बाधित होता है और अनुकूलन धीमा होता है। उच्च सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन और नौकरी की सुरक्षा के साथ प्रोत्साहनों का गलत संरेखण ऐसे लोगों को आकर्षित करता है जो सामाजिक सेवा के बजाय वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं। लोगों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न स्तरों पर योग्य पेशेवरों की भर्ती बढ़ाएँ, जिससे कुशल कार्यबल सुनिश्चित हो। मिशन कर्मयोगी जैसे पार्श्व प्रवेश कार्यक्रम और विशेष प्रशिक्षण पहल सिविल सेवकों के कौशल और दक्षता में सुधार कर सकते हैं। कार्यान्वयन से संबंधित निर्णय लेने, जवाबदेही में सुधार और प्रक्रियाओं को गति देने के लिए प्रत्यायोजित अधिकार के साथ फ्रंटलाइन कर्मियों को सशक्त बनाएँ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समान नीतियों को क्रियान्वित करने में फ्रंटलाइन कार्यकताओं को अधिक नियंत्रण देने से देरी कम होती है"

**सरकारी** कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है। अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं। भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है। कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। व्यवसाय शुरू करने के लिए मंजूरी, परमिट और अनुमोदन की भूलभुलैया से गुजरना पड़ता है जो प्रगति में बाधा डालते हैं और परिणामों में देरी करते हैं। भारतीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पुलिसिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में कुशल पेशेवरों की कमी है। लोगों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न स्तरों पर योग्य पेशेवरों की भर्ती बढ़ाएँ, जिससे कुशल कार्यबल सुनिश्चित हो। मिशन कर्मयोगी जैसे पार्श्व प्रवेश कार्यक्रम और विशेष प्रशिक्षण पहल सिविल सेवकों के कौशल और दक्षता में सुधार कर सकते हैं। भारतीय शासन व्यवस्था को अक्सर 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है, जो कि प्रभावी शासन के लिए उपलब्ध बड़ी प्रशासनिक मशीनरी और सीमित मानव संसाधनों के बीच असंतुलन को दशार्ता है। जबकि नौकरशाही प्रक्रियाएँ अच्छी तरह से स्थापित हैं, कर्मियों की कमी कुशल कार्यान्वयन में बाधा डालती है। यह विरोधाभास देरी, अक्षमताओं और अपर्याप्त सार्वजनिक सेवा वितरण का कारण बनकर शासन को प्रभावित करता है, जिससे नागरिकों की जरूरतों के प्रति राज्य की जवाबदेही कम होती है। शासन व्यवस्था को 'लोगों की कमी' लेकिन 'प्रक्रियाओं की कमी' के रूप में वर्णित किया जाता है। भारतीय राज्य में प्रति व्यक्ति सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों की संख्या कम है, जिसके परिणामस्वरूप जटिल शासन चुनौतियों का समाधान करने



के लिए कर्मियों की कम उपस्थिति है। भारत में प्रति मिलियन केवल 1,600 केंद्रीय सरकारी कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिका में प्रति मिलियन 7,500 हैं, जिससे राज्य की दक्षता प्रभावित होती है। कम सिविल सेवकों के बावजूद, नौकरशाही लाइसेंसिंग, परमिट और मंजूरी जैसी जटिल प्रक्रियाओं में फंसी हुई है। व्यवसाय शुरू करने के लिए मंजूरी, परमिट और अनुमोदन की भूलभुलैया से गुजरना पड़ता है जो प्रगति में बाधा डालते हैं और परिणामों में देरी करते हैं। भारतीय राज्य में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पुलिसिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में कुशल पेशेवरों की कमी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास केवल 7,000 कर्मचारी हैं, जबकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व में 22,000 कर्मचारी हैं, जो राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता के प्रबंधन में प्रभावशीलता को सीमित करता है। नीति-निर्माण अत्यधिक केंद्रीकृत है, लेकिन कार्यान्वयन सीमित फ्रंटलाइन कर्मियों द्वारा की जाने वाली एक बोझिल प्रक्रिया बनी हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजनाओं को क्रियान्वित करता है, जबकि नीति निर्माण मंत्रालय स्तर पर रहता है, जिससे देरी और लागत में कमी आती है। सरकारी कर्मचारियों का छोटा आकार अधिकारियों पर अत्यधिक बोझ डालता है, जिससे प्रभावी नीति निष्पादन मुश्किल हो जाता है। अपर्याप्त जनशक्ति और अत्यधिक प्रक्रियाओं के कारण सेवाओं में देरी होती है, क्योंकि अधिकारी काम की मात्रा को संभालने के लिए संघर्ष करते हैं। बोझिल विनियामक मंजूरी और अग्रिम पंक्ति के निर्णय लेने वाले प्राधिकरण की कमी के कारण बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को लागत में वृद्धि और देरी का सामना करना पड़ता है। नीति निर्माण और निष्पादन का विभाजन निर्णय लेने वालों और सेवा कार्यान्वयनकताओं के बीच एक वियोग पैदा करता है, जिससे खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही कम हो जाती है। जब सड़क निर्माण परियोजनाओं में समस्याएँ आती हैं, तो मंत्रालयों और कार्यान्वयनकताओं के बीच निगरानी के लिए स्पष्ट ज़िम्मेदारी की अनुपस्थिति के कारण दोषारोपण और अक्षमताएँ होती हैं। सरकार के भीतर कौशल की कमी के कारण महत्वपूर्ण कार्यों के लिए निजी परामर्श फर्मों पर निर्भरता बढ़ जाती है, जिससे सार्वजनिक व्यय बढ़ जाता है। भारत सरकार ने उन कार्यों के लिए परामर्श शुल्क पर 500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए, जिन्हें बेहतर प्रशिक्षित अधिकारियों के साथ घर में ही प्रबंधित किया जा सकता था। नौकरशाही की जटिल प्रक्रियाएँ जोखिम लेने और विवेकाधीन निर्णय लेने से परहेज पैदा करती हैं, जिससे नवाचार बाधित होता है और अनुकूलन धीमा होता है। उच्च सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन और नौकरी की सुरक्षा के साथ प्रोत्साहनों का गलत संरेखण ऐसे लोगों को आकर्षित करता है जो सामाजिक सेवा के बजाय वित्तीय लाभ से प्रेरित होते हैं। लोगों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न स्तरों पर योग्य पेशेवरों की भर्ती बढ़ाएँ, जिससे कुशल कार्यबल सुनिश्चित हो। मिशन कर्मयोगी जैसे पार्श्व प्रवेश कार्यक्रम और विशेष प्रशिक्षण पहल सिविल सेवकों के कौशल और दक्षता में सुधार कर सकते हैं। कार्यान्वयन से संबंधित निर्णय लेने, जवाबदेही में सुधार और प्रक्रियाओं को गति देने के लिए प्रत्यायोजित अधिकार के साथ फ्रंटलाइन कर्मियों को सशक्त बनाएँ। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समान नीतियों को क्रियान्वित करने में फ्रंटलाइन कार्यकताओं को अधिक नियंत्रण देने से देरी कम होती है और दक्षता में सुधार होता है। लाइसेंस और मंजूरी के बोझ को कम करने के लिए नौकरशाही प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करें, जिससे नागरिकों और व्यवसायों के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच आसान हो। परमिट और अनुमोदन के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करने वाले ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जटिलता को कम कर सकते हैं और प्रक्रियाओं को गति दे सकते हैं। मध्यम वेतन सुधार लागू करें जो सार्वजनिक क्षेत्र के वेतन को निजी क्षेत्र के मुआवजे के साथ संरेखित करते हैं, भ्रष्टाचार को हतोत्साहित करते हैं और सामाजिक सेवा से प्रेरित व्यक्तियों को आकर्षित करते हैं। प्रदर्शन से जुड़े प्रोत्साहनों को लागू करना और प्रतिस्पर्धी, लेकिन उचित वेतन सुनिश्चित करना सामाजिक सोच वाले पेशेवरों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के आकर्षण को बढ़ा सकता है। निरीक्षण और जवाबदेही तंत्र को मजबूत करें: नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और केंद्रीय सतर्कता आयोग जैसी एजेंसियों में सुधार करें ताकि ऑडिट और जांच को अधिक प्रासंगिक बनाया जा सके और केवल अनुपालन के बजाय नीति उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। निरीक्षण एजेंसियों को नीतिगत निर्णयों की जटिलताओं के प्रति संवेदनशील बनाने से यह सुनिश्चित होगा कि वे संदर्भ को समझें, जिससे मुकदमेबाजी और परियोजना निष्पादन में देरी कम होगी।. भारत के लोगों की संख्या कम लेकिन प्रक्रियाओं की संख्या अधिक होने के कारण शासन में अधिक जवाबदेही और दक्षता की आवश्यकता है। मानव संसाधनों को मजबूत करना, निर्णय लेने को विकेंद्रीकृत करना और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना सार्वजनिक सेवा वितरण को सुव्यवस्थित कर सकता है, जिससे बेहतर पहुंच और जवाबदेही सुनिश्चित हो सकती है। भविष्य-केंद्रित दृष्टिकोण को क्षमता निर्माण और पारदर्शिता पर जोर देना चाहिए।

## कविता

### तुलसी है संजीवनी

तुलसी है संजीवनी, तुलसी रस की खान।
तुलसी पूजन से मिटें, जीवन के व्यवधान।।
*
विष्णु प्रिया तुलसी सदा, करती है कल्यान।
तुलसी है वरदायिनी, जीवन का वरदान ।।
*
जिस घर में तुलसी पुजे, रहे प्रभू का वास।
रोग पाप सब के मिटे, तन-मन हो उल्लास।।
*
तुलसी सालिगराम की, महिमा अजब महान।
हम सब का कर्तव्य है, हो इसका सम्मान।।
*
तुलसी माँ की वंदना, करता है संसार।
निरख -निरख रस का तभी, होता है संचार।।
*
तुलसी घर की शान है, तुलसी घर की आन।
जिस घर में हों तुलसियाँ, ईश्वर का वरदान।।
*
प्राणदायिनी औषधी, तुलसी है अनमोल।
ये माता संजीवनी, इसके पुण्य अतोल।।
*
चरणामृत तुलसी बिना, रहता सदा अपूर्ण।
बोकर तुलसी हम करे, उसे आज सम्पूर्ण।।
*
तुलसी के इस भेद को, जानें चतुर सुजान।
तुलसी माँ हर भक्त का, करती है कल्यान।।
*
सच्चे मन से जो करे, तुलसी पूजन पाठ।
रहते सौरभ है वहां, तन-मन के सब ठाठ।।

-डॉ सत्यवान

## अब साकार होगा अटल जी का संकल्प

**पवन वर्मा**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर 44 हजार 600 करोड़ रुपए की लागत से मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन भी किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी किया । कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने यहां अपने भाषण का आरंभ ठेठ बुंदेलखंडी में किया उन्होंने कहा कि वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पर रहवे वारे सभी जनन को हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पहुंचे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. भीम राव अंबेडकर का भी उल्लेख किया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि "एमपी में आज हजारों करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की शुरूआत हुई है। आज बहुत प्रेरणादायी दिन है। आज अटलजी की जन्म जयंती है। आज उनके जन्म के 100 साल हो रहे हैं। उन्होंने मुझ जैसे कई कार्यकताओं को सिखाया है। देश के विकास में अटलजी का योगदान हमारे स्मृति पटल पर अटल रहेगा।"

उन्होंने कहा कि "भारत में जो बड़ी नदी परियोजनाएं बनीं, इनके पीछे डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का ही विजन था। आज जो केंद्रीय जल आयोग है इसके पीछे भी डॉ. अंबेडकर के ही प्रयास थे, लेकिन कांग्रेस ने कभी जल संरक्षण के प्रयासों और बांधों के लिए बाबा साहेब को क्रेडिट नहीं दिया। किसी को पता भी नहीं चलने दिया।"

प्रधानमंत्री ने नेहरू का नाम लिए बिना कटाक्ष किया कि "पानी के लिए दूरदर्शी आयोजन पर सोचने का क्रेडिट एक ही व्यक्ति (जवाहर लाल नेहरू) को देने के नशे में सच्चे सेवक को भुला दिया गया। आज मैं बताता हूं, देश आजाद होने के बाद भारत की जल शक्ति, भारत के जल संसाधन, भारत में पानी के लिए बांधों की रचना... इन सबकी दूरदृष्टि के लिए किसी एक महापुरुष को क्रेडिट जाता है तो उस महापुरुष का नाम है बाबा साहेब अंबेडकर।" प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस परियोजना के शिलान्यास के साथ ही स्व. वाजपेयी का नदी जोड़ो का संकल्प मध्यप्रदेश में मूर्त रूप लेगा। केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना, देश में भूमिगत दाब युक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

## विचार

# सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या लूट का अड्डा

**निर्मल रानी**

वैसे तो 2012 में प्रसारित किये गये आमिर खान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक 'सत्यमेव जयते' में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीके से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बिना जरुरत के दवाइयाँ दी जाती हैं और किस तरह मरीजों का गैर जरूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किये गये थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। 'सत्यमेव जयते' में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गाँव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाल दिया गया, जबकि इसकी जरुरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीजों से दवाओं की कीमत पचास गुना ज्यादा तक वसूली जाती है। तरह तरह के गैर जरूरी फर्जी टेस्ट करने के लिए मरीज पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आयी थीं। यहाँ तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी। परन्तु 'सत्यमेव जयते' द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया,हाँ लूट खसोट में और अधिक इजाफा जरूर हो गया है। और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुँच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो कतई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीके से रचा जा रहा है। और ऐसा हो भी क्यों न ? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जायें कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? गौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किये गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था।

नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फार्मा और हेल्थकेयर फर्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्रायः 44 % ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी जरुरत ही नहीं। करीब 55 % गैर जरूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48 % गर्भाशय सर्जरी करीब 47 % कैंसर सर्जरी,48 % घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45 % प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुये काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किये गये तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिये हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को डढऊके मरीजों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी ) की तरफ धकेलना पड़ता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अभद्राचार्य के श्रीमुख से एक भद्र टिप्पणी

**राकेश अचल**

**चित्रकूट** के गिरधर मिश्रा यानि जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के प्रति मेरे मन में श्रद्धा का भाव लेशमात्र भी नहीं है ,लेकिन उनकी विद्वता का मै कायल हूँ । कायल हूँ उनकी निर्भीकता का । वे जिस आत्मविश्वास के साथ जातिवाद का समर्थन करते हैं ,उसी प्रखरता के साथ अपने अभद्र और विदूषक शिष्यों का संरक्षण भी करते हैं। स्वामी जी ने हाल ही ,में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत को भी आईना दिखाकर एक शुभकार्य किया है। उन्होंने कहा है कि भागवत संघ प्रमुख हो सकते हैं जिन्तु हिन्दूधर्म के ठेकेदार नहीं।

गत दिवस पुणे में 'हिंदू सेवा महोत्सव' के उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर के साथ हिंदुओं की श्रद्धा है लेकिन राम मंदिर निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वो नई जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं का नेता बन सकते हैं. ये स्वीकार्य नहीं है."

उन्होंने इस माहौल पर चिंता जाहिर करते हुए एक बार फिर मंदिर-मस्जिद वाले चैप्टर को बंद करने की बात कही। उनके इस बयान से ये ध्वनित होता है जैसे कि वे हिन्दू धर्म के ठेकेदार के रूप में बोल रहे हैं। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत की बात गिरगिट के रंग बदलने जैसा है । उनके प्रचारकों की पार्टी भाजपा इन दिनों देश में मुसलमान के पूजा स्थलों की खुदाई का अभियान चलाये हुए है और इसके लिए बाकायदा अदालतों का सहारा लिया जा रहा है। इस मुद्दे पर स्वामी रामभद्राचार्य ने सबसे पहले अपना मौन तोड़ा और कहा कि "ये मोहन भागवत का व्यक्तिगत बयान हो सकता है. ये सबका बयान नहीं है. वो किसी एक संगठन के प्रमुख हो सकते हैं, हिंदू धर्म के वो प्रमुख नहीं हैं कि हम उनकी बात मानते रहें। वो हमारे अनुशासक नहीं हैं। हम उनके अनुशासक हैं। "रामभद्राचार्य ने कहा, "हिंदू धर्म की व्यवस्था के लिए वो ठेकेदार नहीं हैं. हिंदू धर्म की व्यवस्था, हिंदू धर्म के आचार्यों के हाथ में हैं. उनके हाथ में नहीं हैं। वो किसी एक संगठन के प्रमुख बन सकते हैं. हमारे नहीं हैं। संपूर्ण भारत के वो प्रतिनिधि नहीं हैं। "

## घर की छत पर लोकतंत्र का डेरा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

**हमारे** मोहल्ले में नेताजी का आगमन हुआ। वैसे तो नेताजी का असली नाम कुछ और था, लेकिन उनकी राजनीतिक चालाकियों ने उन्हें यह उपाधि दी थी। नेताजी बड़े जोश में थे। सुबह-सुबह हमारे दरवाजे पर दस्तक हुई। मैंने दरवाजा खोला तो नेताजी मुस्कुराते हुए बोले, "भाईसाहब, आपके घर की छत सही दिशा में है। देशहित में इसे हमें सौंप दीजिए।" मैं चौंका। "छत? देशहित?" "जी हां," उन्होंने गंभीर मुद्रा बनाते हुए कहा। "देखिए, इस छत पर बैठकर हम नई क्रांति का खाका तैयार करेंगे। देश को बदलने का वक्त आ गया है। और छतें ही क्रांतियों की असली प्रयोगशाला होती हैं। भगत सिंह की छत याद है न?" मैंने कुछ कहने की कोशिश की, लेकिन उनकी बातों का वेग ऐसा था कि मैं बीच में ही रुक गया। "और हां, आपको कोई दिक्कत नहीं होगी," नेताजी ने आश्वासन दिया। "बस थोड़ा चाय-पानी का इंतजाम करना होगा। क्रांति के सिपाहियों को भूखा नहीं रखा जाता।"
मैं कुछ समझ पाता, इससे पहले ही वे अंदर दाखिल हो गए। उनकी टीम, जिसमें तीन आदमी और एक कैमरा शामिल था, तुरंत छत पर चढ़ गई। ऐसा लगा जैसे किसी फिल्म की शूटिंग हो रही हो। मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए।
नेताजी ने अपनी पहली सभा आयोजित की। "सुनिए, साथियों! यह क्रांति किसी एक व्यक्ति की नहीं है। यह हर घर की छत से उठेगी। और आज, इस छत से शुरूआत हो रही है।" लोग तालियां बजाने लगे। मैंने डरते हुए पूछा, "नेताजी, लेकिन यह क्रांति है किस चीज की?" "बहुत अच्छा सवाल!" नेताजी ने मुस्कुराते हुए कहा। "यह क्रांति भ्रष्टाचार के खिलाफ है, महंगाई के खिलाफ है, और उन सबके खिलाफ है जो हमें रोकते हैं।" "पर योजना क्या है?" मैंने दुबारा पूछा। "योजना?" नेताजी थोड़ा हिचके। "योजना यह है कि हर छत पर एक क्रांतिकारी कमेटी बनाई जाएगी। फिर ये कमेटियां देशभर में छतों के माध्यम से बदलाव लाएंगी।" मुझे समझ नहीं आया कि ये योजना थी या तर्क का तिरस्कार। लेकिन मोहल्ले के लोग उनके भाषण से इतने प्रभावित हुए कि कुछ ने तो अपने घर की छतें भी देने की पेशकश कर दी।

## न्यूज फ्लैश

### तुलसी के धार्मिक महत्व के साथ साथ वैज्ञानिक महत्व के बारे में जानकारी दी



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** जलालपुर प्रथम गांव के सत्यम पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा मुख्य वक्ता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा, मुख्याध्यापक सत्यवान शर्मा, मोनू रावल, अध्यापकगण व बच्चों ने तुलसी के सामने दीप प्रज्वलित कर तथा पुष्प चढ़ाकर किया। उन्होंने बच्चों को तुलसी के गुणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल निर्देशिका पूजा शर्मा ने बच्चों को तुलसी के धार्मिक महत्व के साथ साथ वैज्ञानिक महत्व के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया। सनातन धर्म के पुराणों एवं धार्मिक ग्रन्थों में तुलसी के महत्व का वर्णन मिलता है। उन्होने कहा कि आज की युवा पीढ़ी पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव से बुरी आदतों और व्यसनों का शिकार हो रही है। उक्त माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय सनातन संस्कृति से अवगत कराया जा रहा ताकि वे विदेशी सभ्यता के कुप्रभाव से बच सके। उन्होने बच्चों को 25 दिसम्बर को क्रिसमस दिवस के विकल्प के रूप में तुलसी पूजन दिवस मनाने के लिए जोर शोर से प्रेरित किया गया। अध्यापिका रेनू बाला व बीना रावल ने भी तुलसी का हमारे जीवन में क्या महत्व है किस प्रकार हम तुलसी का पूजन के रूप में व औषधि के रूप में प्रयोग करते हैं। विस्तार से जानकारी दी। वही मुख्यापक सत्यवान शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जंयति के बारें में बच्चों को विस्तारपूर्वक बताया। इस मौके पर रेखा भाटिया,स्वीटी रावल,काजल,शालू रावल,प्रियंका लाकडा,सोनिया शर्मा,मोनू आदि अनेक अध्यापक व छात्र मौजूद थें।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर लगे अंकुश-सतीश रावत

**एक्शन इंडिया/लालचंद**
**नांगल चौधरी।** अखिल भारतीय हिंदू क्रांति दल के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सतीश रावत ने प्रेस के नाम एक विज्ञप्ति जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई, बांग्लादेश में पांच महीनों से हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, महिलाओं से हो रहे बलात्कार, मामलों में सीधा दखल देते हुए बांग्लादेश पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, देशवासियों की सहनशक्ति अब जवाब दे रही है। उन्होंने सनातनियों के बारे चार मुख्य मांगे भी रखी। जिसमें सनातन बोर्ड का गठन, भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना, गौ हत्या पर सख्त कानून व बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर तुरंत अंकुश लगाने की मांग की। रावत ने कहा, 28 दिसंबर को जंतर- मंतर पर एक दिन का धरना- प्रदर्शन किया जाएगा व इन मांगों के बारे प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोंपा जाएगा।

# हरियाणा की महिलाएं हर क्षेत्र में नाम कमा रही हैं: कविता जैन

### आधुनिक खेती को भी बढ़ावा देने में महिलाओं का योगदान कम नहीं है: कवित

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** जो देश महिलाओं की शक्ति को पहचान कर आगे बढ़ाएगा वह देश चौतरफा विकास की राह पर आगे बढ़ेगा, हरियाणा की महिलाएं हर क्षेत्र में नाम कमा रही हैं चाहे खेल हो, व्यापार हो या फिर शिक्षा एवं विज्ञानं का क्षेत्र। आधुनिक खेती को भी बढ़ावा देने में महिलाओं का योगदान कम नहीं है।

उक्त विचार पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने भारतीय योग संस्थान द्वारा गांव हरसाना में महिला शक्ति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि महिला स्वस्थ होगी तो समाज, परिवार एवं देश भी स्वस्थ होगा, इसलिए महिलाओं को काम के साथ



साथ अपने स्वास्थ्य पर भी अवश्य ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं कि ताकत को बढ़ाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बिमा सखी, उज्ज्वला योजना जैसे अनेक कार्यक्रम शुरू किये। उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधान सभा में महिला आरक्षण बिल पास करवाकर तथा स्थानीय निकाय चुनाव में 33 प्रतिशत भागीदारी करके महिलाओं की सामाजिक शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया है । इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने हरियाणवी संस्कृति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं कि ताकत को बढ़ाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बिमा सखी, उज्ज्वला योजना जैसे अनेक कार्यक्रम शुरू किये।

उन्होंने कहा कि लोकसभा, विधान सभा में महिला आरक्षण बिल पास करवाकर तथा स्थानीय निकाय चुनाव में 33 प्रतिशत भागीदारी करके महिलाओं की सामाजिक शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया है । इस अवसर पर गांव की महिलाओं ने हरियाणवी संस्कृति से ओत प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में अशोक शर्मा अधिवक्ता, रामपाल गोयल, राजबीर दहिया, अशोक, जगबीर लोचब, संतोष पराशर, ईश्वंती, जगबीर अत्तरी, निर्मला, मंजू रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे।

## महाराजा सूरजमल को बलिदान दिवस पर पुष्प अर्पित कर किया याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
**अन्तर्राष्ट्रीय** जाट संसद के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व समाज के सम्मानित सदस्यों के साथ पानीपत कार्यालय पर विश्व के सिरमौर, भारत भूमि के अजेय महायोद्धा, हिंदू हृदय सम्राट भरतपुर महाराजा, महाराजा सूरजमल जी के बलिदान दिवस आयोजित श्रद्धांजलि सभा पर उनके बलिदान को किया गया याद। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि भारत पर मुगलों के आक्रमणों का विरोध करने वाले उत्तरभारत के राजाओं में जाट राजा सूरजमल का बड़े ही गौरव के साथ लिया जाता है व आज के समय में हमारे आने वाली पीढ़ियों तक हमारे महापुरुषों के गौरवशाली इतिहास को पहुँचाने की बहुत ज्यादा जरूरत हैं जिससे इस पश्चिमी सभ्यता से दूर रहकर अपने जीवन को सँवार सके। महाराजा सूरजमल जी ने अपने जीवन में जितने भी युद्ध लड़े उनमें एक भी युद्ध में पराजित नहीं हुए और अपने जीवन काल में हिन्दू धर्म व जाट समाज ने 36 बिरादरियों के लोगों की मदद की व महाराजा सूरजमल ने अपने समय में जाट समाज और क्षेत्रीय विकास के लिए जो कार्य किए, वे प्रेरणा का स्त्रोत हैं।

## आर्ट फेस्ट में छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर उकेरे कल्पना के रंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में बुधवार को विद्यार्थियों के भीतर रचनात्मकता व कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए आर्ट फेस्ट-2024 का भव्य आयोजन किया गया । इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का दम दिखाया । पेंटिंग कंपटीशन में हिस्सा लेकर छात्र-छात्राओं ने कैनवास पर कल्पना के रंग उकेरे और सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कला श्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश, विद्यालय के चेयरमैन






सुधीर जैन , डायरेक्टर ध्रुव जैन ,वंशज जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस आर्ट फेस्ट का शुभारंभ किया और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि किसी भी देश की पहचान है वहां की कला और संस्कृति। भारत सदियों से अपनी कला और संस्कृति के लिए जाना जाता है। नई शिक्षा नीति में इस बात पर जोर दिया गया है कि स्कूलों में कला को विशेष तौर पर प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि कला किसी भी बच्चे में सांस्कृतिक जागरूकता और उसकी अभिव्यक्ति की क्षमता को सुदृढ करती है। इसलिए भारतीय कला को छात्रों को उनके हर स्तर पर सीखाना चाहिए। उन्होंने आर्ट फेस्ट के भव्य आयोजन के लिए स्कूल प्रबंधन की सराहना भी की। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि आर्ट फेस्ट के अंतर्गत पीपी-1 से पीपी-3 कक्षा के नौनिहालों ने हैंड पेंटिंग में अपना जलवा दिखाया, जबकि पहली से तीसरी कक्षा के कैनवास पर नेचर सीन को उकेरा।

## आज रक्तदान शिविर लगाया जाएगा

**गन्नौर।** बाल भवन 'बोर्डिंग स्कूल गन्नौर में बाल भवन ग्रुप आफ स्कूल की संस्थापक सदस्य स्वर्गीय कमलेश देवी की स्मृति में 26 दिसंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने दी।उन्होंने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लायंस क्लब गन्नौर के सहयोग से किया जाएगा और उसमें लायंस ब्लड बैंक की टीम अपनी सेवा देगी। रक्तदान शिविर सुबह से 3 तक चलेगा। स्कूल के प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने बताया कि रक्तदान महादान है इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए किसी दुर्घटना में घायल का जीवन बचाने में आपके द्वारा किया गया रक्त ही काम आता है।

## नए कानून को लेकर लोगों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** बुधवार को गांव चिरसमी में नए कानून को लेकर लोगों को जागरूक करने की कड़ी में सरकार के आदेश पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एक जुलाई से लागू हुए नये कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी। गन्नौर अदालत से पहुंचे सहायक जिला न्यायवादी मनोज राठी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। राठी ने कहा कि दंड से न्याय की ओर अग्रसर होते हुए एक जुलाई से नये कानून लागू हुए हैं। देशभर में लागू हुए नये कानून का सभी को पालन करना होगा। नया आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के पुराने कानूनों की जगह पर लाया गया है। उन्होंने बताया कि नये कानून में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों के लिए सख्त सजा के प्रावधान किये गये हैं। नये कानून को लाने का उद्देश्य जांच और न्याय प्रणाली को पारदर्शी, सहज और सलभ बनाना है। सहायक जिला न्यायवादी हरिगोपाल ने बताया कि एक जुलाई 2024 से नये आपराधिक अधिनियम भारतीय



न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) लागू हुए हैं। यातायात नियमों का पालन करने एवं अन्यों को भी प्रेरित करने की बात कही। इसके अलावा छात्राओं को बाल अपराध, बाल शोषण, नाबालिग बच्चियों के उत्पीड़न के अलावा अन्य आपराधिक मामलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी थाना में अब महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है. ताकि महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सके। इस मौके पर गांव के सरपंच जसवीर, वकील दीपक त्यागी, वकील विशाल चौहान ,वकील सुमित त्यागी, वकील मनीष वर्मा आदि मौजूद थे ।

## गायत्री विद्यापीठ में तुलसी पूजन दिवस पर हवन और यज्ञ कर पूजा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** भारत विकास परिषद ने तुलसी दिवस के उपलक्ष में गायत्री विद्यापीठ बसंत विहार गन्नौर में शाखा अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक की अध्यक्षता व महिला संयोजिका मनीषा जैन के नेतृत्व में परिषद के सभी सदस्यों के साथ मिलकर प्रधानाचार्य शकुंतला कौशि के साथ हवन करके तुलसी पूजन किया। सदस्यों ने हवन में आहुति दी। आचार्य पूनम शास्त्री ने हवन किया।



शास्त्री ने कहा कि तुलसी पूजन दिवस का धार्मिक महत्व बहुत गहरा है।मान्यता है कि तुलसी के पौधे में देवी लक्ष्मी का वास होता है और उनकी पूजा से भगवान श्री हरि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## कवि हृदय सम्राट अटल बिहारी वाजपेयी हर वर्ग के प्रिय नेता थे: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
विधायक प्रमोद विज, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सोनी, प्राचार्य कृष्ण कुमार, प्राण रत्नाकर, पार्षदो ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी` इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज ने कहा कि राष्ट्रवादी नेता, ओजस्वी वक्ता, हिंदी प्रेमी, मृदु भाषी और कवि हृदय सम्राट अटल बिहारी वाजपेयी हर वर्ग के प्रिय नेता थे जिन्होंने हमेशा विचारधारा को सत्ता से ऊपर समझा और भारत को एक



विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुशासन का मंत्र दिया` आज पूरा भारत उनकी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहा है` उन्होंने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया` नदियों को जोड़ने का अभियान चलाया` पर्यावरण संरक्षण के लिए योजना बनाई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, काम के बदले अनाज और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था लागू की` विदेश मंत्री के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण देकर राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।

## 29 दिसंबर रविवार को निशुल्क मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन

**गन्नौर।** लायंस क्लब गौरव द्वारा गांव घसौली में 29 दिसंबर रविवार को निशुल्क मोतियाबिन्द शिविर का आयोजन किया जाएगा । जानकारी देते हुए क्लब के प्रधान अंकित मल्होत्रा, मीनू हाण्डा सचिव , शालू वधवा मुख्य परियोजना अध्यक्ष ने बताया कि शिविर का शुभारंभ गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान करेंगे। समाजसेवी हरीश वाधवा ने बताया कि जाँच के तुरन्त बाद मोतियाबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन का समय दे दिया जाएगा। ऑपरेशन के लिए मरीजो को दिल्ली श्रॉफ आई हॉस्पिटल के लिए लाने और ले जाने की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।

## सिंक्रनी कार्यक्रम का सफलतापूर्वक हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली** पब्लिक स्कूल पानीपत सिटी में सिंक्रनी कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत उड़ान कार्यशाला, कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पी.टी.एम , सभी विषयों की प्रदर्शनी के अतिरिक्त एस. यू .पी. डब्ल्यू एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । इसके अतिरिकत हॉस्टल के विद्यार्थियों के अभिभावकों से मिलने एवं उनका अभिनंदन करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। सर्वप्रथम अभिभावकों ने पी. टी. एम के अंतर्गत अध्यापकों के साथ अपने छात्रों के कमजोर तथा मजबूत पक्षों पर चर्चा की । तत्पश्चात



सभी विषयों की प्रदर्शनीया देखी । इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित स्व-निर्मित मॉडल एवम परियोजना कार्यों को प्रदर्शित किया ।प्रधानाचार्या रोहिणी दहिया एवं कॉर्डिनेटर पूनम नेगी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों और परियोजना कार्यों का निरीक्षण किया और छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी ली ।छात्रों ने अपने मॉडलों और परियोजना कार्यों की कार्य प्रणाली को समझाने के लिए दृश्य प्रस्तुतियां भी तैयार की थी । एस. यू. पी. डब्ल्यू की प्रदर्शनी एवं कला प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही जिसमें विद्यार्थियों ने अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करके अपनी कला का अदभुत प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने भी छात्रों के द्वारा किए गए प्रयासों की खूब प्रशंसा की तथा उनके द्वारा आयोजित गतिविधियो में बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।तत्पश्चात हॉस्टल के विद्यार्थियों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने नृत्य तथा संगीत की प्रस्तुतियां दी ।उन्होंने बास्केट बॉल तथा स्केटिंग द्वारा अपने करतब दिखाकर सभी को आश्चर्य चकित कर दिया।

हॉस्टल के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के सामने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभवों को भी सांझा किया ओर उड़ान कार्यशाला के अंतर्गत अभिभावकों को बताया गया कि आगामी छठी तथा नवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जनवरी-फरवरी तथा मार्च में एक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

## अटल ने भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनाया: भट्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )**
**भाजपा** जिला कार्यालय सेक्टर-6 के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के पानीपत प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, पूर्व जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र हल्दाना , ओ.बी.सी मोर्चा जिलाध्यक्ष आर. डी कल्याण, महावीर दहिया, रविंद्र तुशांमड, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, रोशन लाल माहला एवं मेघराज गुप्ता सहित पानीपत जिला के सभी पदाधिकारियों और




वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपनी भावभीनी श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर अटल वाजपेई अमर रहे के नारे बार बार लगते रहे। इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी महामना पं मदन मोहन मालवीय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, महाराजा सूरज मल, वेदविद्वान स्वतंत्रता सेनानी पं गंगानाथ झा को भी याद किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय राजनीति और

**याद किया**

**भारतीय राजनीति और जनमानस के लिए आज का दिन सुशासन का अटल दिवस है: सलूजा**

जनमानस के लिए आज का दिन सुशासन का अटल दिवस है अटल बिहारी वाजपेयी भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे जिन्होंने 11 मई 1998 को पोखरण में सफल परमाणु परीक्षण करके भारत को एक परमाणु शक्ति सम्पन्न राष्ट्र बनायो यह देश उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को हमेशा ऋणी रहेगा। जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और आजाद देश को नई दिशा देकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रसस्त किया है। ऐसे नेताओं में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। अटल बिहारी वाजपेई जैसे राष्ट्रवादी नेता हजार वर्षों में पैदा होते है। उन्होंने कहा है कि सत्य की हमेशा जीत होती है इसी के दृष्टिगत उन्होंने अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी सुशासन लागू करने के सभी प्रयास किए। उन्ही के बताए मार्ग पर चलते हुए भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारों ने भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सुशासन लागू किया है।

## वाजपयी की जयंती गांव झांबा में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन ):** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपयी की जयंती सनौली खुर्द खंड के गांव झांबा में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान भाजपा सनौली मंडल अध्यक्ष सुभाष त्यागी ने विधायक मनमोहन भडाना के प्रतिनिधि जसराज भाटी,भाजपा नेता रविन्द्र पांचाल,नाथी,अधिवक्ता रमेश शर्मा,अशोक रोहिल्ला,सत्यवान के साथ वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए। और कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी पूर्णता देश की



रक्षा ,सुरक्षा के लिए समर्पित थे। उन्होंने देश की सेना को मजबूत बनाने के लिए मई 1998 में परमाणु परीक्षण करके देश का पराक्रम बढ़ाने का सफल प्रयास किया। भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध स्थापित करने के लिए पहली बार बस यात्रा करके लाहौर गए। उन्होंने किसानों जवानों और वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई। उन्होंने ही सबसे पहले जय जवान जय किसान के साथ जय विज्ञान को जोड़ा । वे सच्चे राष्ट्रवादी व मानवतावादी व्यक्तित्व के धनी थे।

## न्यूज फ्लैश

### ढाबे पर खड़ी कार से चोरी के आरोपित 5 दिन के रिमांड पर

**गन्नौर।** गन्नौर क्राइम यूनिट ने ढाबे पर खड़ी कार से चोरी करने वाले मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर 5 दिन के रिमांड पर लिया है। आरोपित संदीप निवासी हांसी और अजय निवासी बवानी खेड़ा के रहने वाले हैं। क्राइम यूनिट प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मानव, निवासी गाजियाबाद, ने थाना गन्नौर में शिकायत दी थी कि दिल्ली से चंडीगढ़ जाते समय वह उत्सव ढाबे पर रुके थे। इसी दौरान बाइक सवार चोरों ने उनकी गाड़ी का शीशा तोड़कर बैग चोरी कर लिया, जिसमें 15,000 नकद और सोने के आभूषण थे। उनकी टीम ने पहले एक आरोपित प्रदीप उर्फ खण्डू निवासी खांडा जिला हिसार हाल राम सिंह कालोनी हिसार को गिरफ्तार किया था और अब अन्य दो मुख्य आरोपितों को भी पकड़ा है। चोरों ने इससे पहले मुरथल के दो अन्य ढाबों पर भी इसी तरह की घटनाएं की थीं। अजय पर एक मामला, जबकि संदीप पर छह मामले दर्ज हैं, जिसमें एक में वह पीओ भी घोषित हो चुका है। रिमांड के दौरान पुलिस चोरी की नकदी, आभूषण और बाइक बरामद करने का प्रयास करेगी।

### जवान की ट्रेन हादसे में मौत, राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया

**गन्नौर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा भोड़वाल माजरी–गन्नौर के बीच गोशाला के पास हुआ, जहां शव के टुकड़े बिखरे मिले। मृतक 31 वर्षीय ग्यूर, निवासी गढ़ी झंझारा गांव का रहने वाला था। जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। गांव में ग्यूर को राजकीय सम्मान के साथ सुपुर्द ए खाक किया गया। ग्यूर तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था और बागपत के खेकड़ा थाने में सिपाही के पद पर तैनात था। वह तीन दिन की छुट्टी पर घर आया था। सोमवार रात टहलने के लिए घर से निकला, जिसके बाद ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्वजन घटनास्थल पहुंचे और शव की पहचान की। जीआरपी चौकी पुलिस के एएसआई भगत ने बताया कि रात करीब 8:45 परहादसे की सूचना मिली। प्रारंभिक जांच में कोई आपराधिक गतिविधि सामने नहीं आई। स्वजन के बयान के आधार पर बीएनएसएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई की है। घटना से परिवार में शोक का माहौल है।

### तेजधार हथियार को वारदात स्थल से कुछ दूरी पर झाड़ी में छिपाया था हथियार

**सोनीपत: सेक्टर–27** शहर थाना क्षेत्र में महिला की हत्या कर हथियार को कुछ दूरी पर झाड़ियों में आरोपित को फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपित को रिमांड अवधि के दौरान वारदात में प्रयुक्त दां को बरामद किया है। आरोपित को पुलिस ने छह दिन के रिमांड पर लिया था। आरोपित ने महिला का सिर काटकर थैले में डाल लिया था। वहीं हथियार को कुछ दूरी पर आरोपित ने झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना सेक्टर–27 पुलिस को 13 दिसंबर को ऑटो मार्केट के पास एक महिला का सिर कटा शव मिला था। इस बीच मूलरूप से बिहार फिलहाल देवडू रोड पर रहने वाले व्यक्ति ने अपनी पत्नी के रूप में उसकी पहचान की थी। वह शहर के निजी अस्पताल में सफाई कर्मचारी का काम करती थी। वह 12 दिसंबर की शाम को नाइट ड्यूटी पर अस्पताल गई थी, लेकिन सुबह तक नहीं लौटी थी। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप अपने दामाद नुनूलाल पर लगाया था। उसने बताया था कि उसकी बेटी अनबन होने के चलते उसे छोड़कर दूसरे युवक के साथ रहने लगी थी। इसके चलते वह सास को तंग कर रहा था। उसी ने हत्या की है। बाद में पुलिस को मृतका की बेटी के प्रेमी के कमरे पर बैग में कपड़ों के बीच महिला का सिर मिला था। बेटी के प्रेमी ने बताया था कि आरोपित नुनूलाल उसके कपड़े बताकर बैग देकर गया था।

# वाजपेयी जी ने रखी थी विकसित भारत की नींव : सांसद कार्तिकेय

### स्व. श्री अटल बिहारी वाजपयी जी ने वास्तविक रूप में विकसित भारत की नींव रखने का काम भी किया

**शुरूआत हुई**

▶▶ आज के बच्चें कल के जिम्मेदार नागरिक बने। उनके कार्यकाल में सर्वशिक्षा अभियान की शुरूआत हुई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि 25 दिसम्बर का दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस दिन भारत के महान सुपूत व भूतपूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपयी जी का जन्म हुआ था। जिन्होंने अपना पूरा जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित किया। सांसद कार्तिकेय शर्मा पंचायत भवन अम्बाला शहर में सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्यअतिथि सम्बोधित कर रहें थे। इससे पूर्व उन्होंने स्व. अटल बिहारी वाजपयी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। गौरतलब है कि सुशासन दिवस पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरूग्राम में किया गया था, जहां से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को संदेश दिया। सीएम के संदेश को एलईडी सक्रीन के माध्यम से यहां देखा व सुना गया।

सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि स्व. श्री अटल बिहारी वाजपयी जी ने न सिर्फ देश भक्ति के आदर्श स्थापित किए बल्कि वास्तविक रूप में विकसित भारत की नींव रखने का काम भी किया। उनके लिए सुशासन का मतलब था अच्छी बुनियादी शिक्षा हो। आज के बच्चें कल के जिम्मेदार नागरिक बने। उनके कार्यकाल में सर्वशिक्षा अभियान की शुरूआत हुई, और सफल भी रही। उनका सुशासन से मतलब था कि गांव व वहां रहने वाले लोंगों की तरक्की हो। उन्होंने हमारे सामने एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया कि सुशासन किस तरीके से होना चाहिए उसकी राह दिखाई। हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई ईबारत शुरू की, जहां प्रधानमंत्री जी अपने आप को प्रधानसेवक के रूप मे रखते है और जनहित के लिए कार्य करते है। उनके कार्यकाल के अंदर जो विकास के कार्य हुए, जिस विजन को लेकर वो आगे बढ़े, जिस तरीके से उन्होंने बुनियादी ढांचे पर काम करने का कार्य किया उससे देश विकास की ओर आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत आग, इमारत गिरने आदि से गैर-अंशधारी औद्योगिक और व्यावसायिक मजदूरों की मृत्यु पर वित्तीय सहायता दी जाती है।

इसके साथ-साथ सुशासन को बढावा देने के लिए सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्विन, उनके नवाचारों व विशेष प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ब्रहजीत सिंह ने मुख्यअतिथि सांसद कार्तिकेय शर्मा का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत करते हुए सुशासन दिवस पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा-निदेर्शों के अनुसार जिला के सभी अधिकारी व कर्मचारी सुशासन को अपनाते हुए अपना कार्य करें और पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति तक अंत्योदय की भावना के अनुरूप उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

## भगवान परशुराम सेवा समिति ने तुलसी पूजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैन्ट ने भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान अम्बाला कैन्ट में हर साल की तरह इस बार भी तुलसी पूजन किया जिसमें मुख्य यजमान समिति के संरक्षक राजिंदर कौशिक ओर उनकी धर्मपत्नी संगीता कौशिक रहे तुलसी पूजन मंदिर के पंडित शम्भू दयाल द्वारा करवाई गई। समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि मंदिर के सामने धर्मशाला का काम चल रहा है सभी समाजसेवी सहयोग करे। समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया कि हर हिन्दू को अपने घरों में तुलसी पूजन करना चाहिए
समिति के खजांची शशि कांत पराशर ने बताया कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम से हमारे बच्चो में धार्मिक संस्कार आते हैं और धर्म का प्रचार होता है।

समिति के महासचिव सुरिन्द्र राजू शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी को भगवान परशुराम मंदिर नग्गल करधान का स्थापना दिवस मनाया जाएगा । इस पूजन में डॉ राकेश भारद्वाज, नीलम शर्मा, शशिकांत पराशर,सुनीता पराशर,अतुल शर्मा,रश्मि शर्मा,राजेश गोल्डी शर्मा, सुषमा शर्मा,नीतीश शर्मा, अनिल शर्मा, प्रमोद शुक्ला, ललित मेहता,सुरिंदर राजू शर्मा,ममता शर्मा,सुरेश कौशिक,राजीव शर्मा, सुनीता शर्मा, रविंदर बिल्ला शर्मा,शिव शर्मा, रजनीश शर्मा, नवीन शर्मा और अन्य सदस्य माजूद रहे।

## डॉ. तरसेम कौशिक सर्वसम्मति से बने हसला के जिला प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन हसला का जिला स्तरीय चुनाव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में सर्व समिति से संपन्न हो गया। जिसमें जिला कुरुक्षेत्र में जिला प्रधान तथा सभी खंड प्रधानों को सर्व समिति से चुन लिया गया है। प्रधान पद के लिए डॉक्टर तरसेम कौशिक जिला विज्ञान विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है, जबकि शाहाबाद ब्लॉक के खंड प्रधान के रूप में संदीप कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद में कार्यरत भूगोल के प्रवक्ता को चुन लिया गया। इसी प्रकार बाबैन खंड से रविंद्र कुमार, खंड पेहवा से गुरमीत, थानेसर खंड से नीलम को चुन लिया गया। यद्यपि हरियाणा के बहुत से जिलों में चुनाव प्रक्रिया जारी है।

## डिजिटल इंडिया के विजन से लाखों गरीबों के चेहरों पर नजर आ रही है मुस्कान: सुमन

**रक्तदान शिविर**

▶▶ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/लाडवा :** मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन को हरियाणा प्रदेश में साकार किया जा रहा है। इस विजन के कारण हरियाणा प्रदेश में परिवार पहचान पत्र डिजिटल क्रांति का नया उदाहरण है। इस डिजिटल क्रांति से लाखों गरीबों के चेहरों पर अब मुस्कान नजर आ रही है। इन लोगों को अब घर बैठे सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी बुधवार को लाडवा लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में तेलू राम मेमोरियल ट्रस्ट की तरफ से भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के रूप में सुशासन दिवस पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बोल रही थी। इससे पहले मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने रक्तदाताओं को बैच लगाए और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस शिविर में मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, नपा अध्यक्षा साक्षी खुराना, भाजपा मंडल प्रधान नरेन्द्र, प्रवीण पांचाल, देवेन्द्र शर्मा, जसविन्द्र, भाजपा नेत्री परमजीत कौर कश्यप, अरुण सैनी ने भी रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया। इस रक्तदान शिविर में 60 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान किया है। इस दौरान समाजसेवी सुमन सैनी व सभी मेहमानों ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने हल्का वासियों को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दिन रात लोगों की सेवा करने का काम कर रहे है। उनकी सोच है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाया जाए ताकि हर व्यक्ति विकसित हो और देश व प्रदेश की तरक्की में अपना योगदान दे सके।

## महिला, किसान, युवा उत्थान को समर्पित अभियान का आगाज करेंगे डॉ अरविंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**



**आत्मनिर्भरता**

▶▶ सहयोगी संस्थाओं द्वारा जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा

**गोहाना, बलराम: सहकारिता,** कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा वीरवार को महिला, किसान और युवाओं की आत्मनिर्भरता को समर्पित जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का उद्घाटन करेंगे। सरकारी नौकरी के साथ-साथ प्रतिभाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ही स्थान पर सहकारी संस्थाओं की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिसके आधार पर पात्र अपना पंजीकरण करवा सकेंगे। आज यहां जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि वीरवार को गोहाना के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में सहकारिता विभाग व सहयोगी संस्थाओं द्वारा जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर सहकारिता मंत्री एवं गोहाना से विधायक डॉ अरविंद शर्मा शिरकत करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यातिथि डॉ अरविंद शर्मा अभियान की शुरूआत में हैफेड वीटा, शुगर फेड, हरको बैंक व अन्य सहकारी संस्थाओं व स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। यह प्रदर्शनी पूरे आयोजन का केंद्र बिंदु है, क्योंकि इस प्रदर्शनी के माध्यम से सहकारी संस्थाएं आमजन को अपनी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगी और उनसे जुड़कर आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया से अवगत करवाएंगे। इसके बाद मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अंकुर गुप्ता, हरियाणा राज्य सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार मुख्यातिथि का स्वागत करेंगे।

## सुशासन दिवस पर शिक्षा विभाग को मिला प्रथम पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने सुशासन दिवस पर बेहतरीन और सराहनीय कार्य करने वाले विभागों और कर्मचारियों को सम्मानित किया है। इसमें प्रथम स्थान पर शिक्षा विभाग रहा, इस विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक, प्रिंसीपल नरेश कुमार गर्ग, शीश पाल जांगडा, डा. कृष्ण कुमार, डा. मोनिका, अनूपम, दूसरे नंबर पर यूएचबीवीएन विभाग रहा, इस विभाग के अधिकारी एससी एमजी जिंदल, एक्सईएन हिमांशु पंवार, एक्सईएन महताब सिंह, एसडीओ अभिषेक, इंजिनियर संदीप आहुजा तथा तीसरे स्थान पर जिला परिषद विभाग रहा, इस विभाग के अधिकारी सीईओ जिला परिषद अशोक कुमार, बीडीपीओ साहब सिंह, बीडीपीओ रूबल दीनदयाल, बीडीपीओ अंकित कुमार, लेखा अधिकारी सत्यभूषण, स्टैनो कर्ण सिंह शामिल है। इन सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेश नागर व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा व जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने सम्मानित किया।

## पशु बाड़े से हजारों रुपये कीमत की भैंस चोरी

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना क्षेत्र के गांव खेवड़ा में पशु बाड़े से हजारों रुपये कीमत की भैंस के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी प्रदीप ने बताया कि गत 23 को अपने प्लॉट में पशुओं को चारा डालने के लिए गया था। चारा डालने के बाद वापिस आकर सो गया। उसके बाद मंगलवार को सुबह प्लॉट में गया। जहां उसने देखा कि उसकी भैंस गायब है। अपने स्तर पर भैंस की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## एलएलएफ: बाल मेले का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**खेल सप्ताह**

▶▶ बच्चों को खेलों के माध्यम से शिक्षा देने की कार्ययोजना के तहत 13वें सप्ताह को खेल सप्ताह के रूप में मनाया

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बड़ाम में एलएलएफ के तहत निपुण हरियाणा कार्यक्रम "बालवाटिका-3" में 5-6 वर्ष की आयु के बच्चों के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। एलएलएफ हरियाणा राज्य के जिला कुरुक्षेत्र के कुल 100 प्राथमिक विद्यालयों में बालवाटिका कार्यक्रम को प्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर रहा है। बालवाटिका कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर बच्चों को खेलों के माध्यम से शिक्षा देने की कार्ययोजना के तहत 13वें सप्ताह को खेल सप्ताह के रूप में मनाया गया। जिसमे बच्चों ने अलग अलग गतिविधियों में भागीदारी की । एलएलएफ की तरफ से प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अश्वनी कुमार तथा एबीआरसी नितिन शर्मा ने अभिभावकों के साथ खेल मेले के उदेश्यों पर चर्चा की तथा विद्यालय शिक्षक सुकंठ वर्मा व बलजीत सिंह द्वारा बच्चों के साथ अनेक गतिविधियों पर काम किया।खेल मेले में बच्चों व उनके माता - पिता ने बहुत आनन्द उठाया। इस अवसर पर प्रधान अंजू बाला ने खेल मेले में अपनी भागिदारी सुनिश्चित की तथा अभिभावकों को नए सत्र में बच्चों का नामांकन बढ़ानें पर जोर दिया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

## देश की प्रगति के लिए सुशासन सबसे अहम कुंजी: राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**याद किया**

▶▶ आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि सुशासन किसी भी देश की प्रगति की अहम कुंजी है

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने कहा कि सुशासन किसी भी देश की प्रगति की अहम कुंजी है। इस कुंजी से अन्तोदय समाज के अंतिम व्यक्ति की बेहतरी, कल्याण तथा पारदर्शी व जवाबदेही प्रशासन उपलब्ध करवाया जा सकता है। इस विषय को जहन में रखकर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस सुशासन दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके। राज्यमंत्री राजेश नागर बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला प्रशासन की तरफ से सुशासन दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री राजेश नागर, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष सुशील राणा, जिला परिषद चेयरमैन कंवलजीत कौर, अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्टद ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इसके उपरांत राज्यमंत्री राजेश नागर व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सुशासन दिवस पर सराहनीय कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के नागरिकों को पारदर्शी, प्रभावशाली और जवाबदेह शासन प्रदान करने की प्रतिबद्धता के जरिए पूर्व प्रधानमंत्री के मार्ग का अनुकरण करने का फैसला लिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सुशासन को जहन में रखते हुए परिवार पहचान पत्र पोर्टल के जरिए नागरिकों तक पांच आवश्यक डाक्यूमेंट्स उपलब्ध करवाए है, जिसमें फैमिली आइडेंटिटी कार्ड, राशन कार्ड, कास्ट और इनकम सर्टिफिकेट, सीनियर सिटीजन सर्टिफिकेट, चिरायु आयुष्मान भारत, दिव्यांग पेंशन, विवाह शगुन योजना आदि शामिल हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र :** सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) के जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की याद में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्घाटन राज्यमंत्री राजेश नागर ने भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील राणा की मौजूदगी में किया। राज्यमंत्री राजेश नागर ने प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद कहा कि अटल जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों और उनके अद्वितीय नेतृत्व को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस प्रदर्शनी के माध्यम से अटल जी के योगदान को याद किया जा रहा है और उनकी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने भी इस अवसर पर अटल जी के राजनीतिक और सामाजिक योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अटल जी ने हमेशा देश के हित में काम किया और उनकी नीतियों ने देश को विकास की नई दिशा दी।

# भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने व पारदर्शिता लाने के लिए इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सबसे कारगार तरीका: बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता लाने, सुशासन लागू करने और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सबसे कारगार तरीका है। इस प्रदेश में सुशासन की राह पर चलते हुए सरकार ने पुराने तंत्र को बदलकर पब्लिक फ्रेंडली सिस्टम का निर्माण करने का प्रयास किया और सफलता भी मिली है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर



एलएनजेपी अस्पताल में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले बंडारू दत्तात्रेय ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और मरीजों को फल वितरित किए तथा प्रदेशवासियों के साथ-साथ मरीजों को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने एलएनजेपी अस्पताल में दीप शिखा प्रज्ज्वलित करके विधिवत रूप से सुशासन दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्यपाल ने मरीजों से कुशलक्षेम पूछने के साथ-साथ अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मचारियों से ना केवल बातचीत की अपितु यादगारी समूह चित्र भी करवाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर जिले में सुशासन दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है ताकि प्रदेश में सुशासन कायम हो सके। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित किया और प्रधानमंत्री रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने सभी को साथ लेकर देश की तरक्की के लिए काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने का काम किया। आज उनके जन्मदिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस पावन दिवस से युवा पीढ़ी को सीखने की जरूरत है।

# जेबीटी शिक्षक को झांसे में लेकर 70 हजार रुपये ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में जेबीटी शिक्षक को झांसे में लेकर हजारों रुपयों की राशि के ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। कॉलर ने शिकायतकर्ता के ममेरे भाई के नाम से फोन किया। पहले झांसे में लेकर छह लाख डालने का झांसा दिया। उसके बाद बहाना बनाकर खाते में राशि जमा करवा ली। पीड़ित को ठगी के बारे में पता चला तो मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-3 मयूर विहार निवासी अमनदीप सिंह राणा ने बताया कि वह हरियाणा सरकार में बतौर जेबीटी अध्यापक के तौर पर

**झांसा**

**कॉलर ने ममेरे भाई के नाम से फोन किया। पहले झांसे में लेकर छह लाख डालने का झांसा दिया**

कार्यरत है। गत 14 नवंबर को वह अपने घर पर मौजूद था। किसी ने उसके मामले की आईडी हैक करके उसके साथ बातचीत करने लगा। उसके मामा के लड़के का नाम दीपक है। कॉलर ने कहा कि वह छुट्टी लेकर वापस आ रहा है। तुम्हारे के लिए क्या गिफ्ट लाना है। अध्यापक ने कहा कि वह खुद आ जाना, मिलकर बातचीत करेगें। वहीं परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में मिलेगें। कॉलर ने कहा कि उसे रुपये भेजने है। घर वालों को इस संबंध में कुछ नहीं बताना। जब उसे रुपयों की आवश्यकता होगी वह आने के बाद रुपये ले लेगा। रुपये भेजने के लिए बैंक की पासबुक व फोटो भेज दो। उसके बाद कॉलर ने कहा उसने छह लाख रुपये भेजे है। उसके बाद कहा कि उसने फोन बदल लिया है। जिस पर मैसेंजर चलता है। सोशल साइट वटसअप नहीं चलता। वह उसकी बातों में आ गया। उसके बाद छह लाख दो सौ रुपये भेजने की बात कही। उसने चेक किया तो राशि नहीं आई। उसने कहा कि दो-तीन दिन में रुपये खाते में आ जायेगें। वह छुट्टी लगवाने के लिए जा रहा है। उसके बाद मैसेज आया कि उसे छुट्टी नहीं मिल रही है।

## न्यूज फ्लैश

### निर्माणाधीन मकान से इनवर्टर की डबल बैटरी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत पुलिस ने निमार्णाधीन मकान से इनवर्टर की डबल बैटरी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राजू निवासी छतीसगढ़ हाल में कबीरपुर सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जैन बाग कॉलोनी निवासी शमशेर सिंह राणा ने गत चार दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका सेक्टर-23 में मकान है। जहां निर्माण कार्य चल रहा है। किसी ने मकान से डबल बैटरी व तारों को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर उसने पड़ोसी मकान में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली। जिसमें ई-रिक्शा में सवार तीन-चार व्यक्तियों द्वारा सामान चोरी करते हुए पाया गया। मामले को लकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। सिपाही सोमबीर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

### गवाही देने निकला व्यक्ति रास्ते से लापता

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** सनौली कस्बे से यूपी के मुजफ्फरनगर जाने के लिए निकला एक व्यक्ति बीच रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। 7 दिन बाद भी वह न ही वापस लौटा और न ही मुजफ्फरनगर पहुंचा। जिसके बाद उसकी गुमशुदगी की शिकायत उसकी पत्नी ने पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर व्यक्ति के लापता होने का केस दर्ज कर लिया है। साथ ही उसकी तलाश शुरू कर दी है। सनौली थाना पुलिस को दी शिकायत में सरिता ने बताया कि वह मूल रूप से यूपी के काकरौली की रहने वाली है। हाल में पिछले करीब 19 साल से पानीपत के सनौली खुर्द गांव में रह रही है। उसका पति 50 वर्षीय सुंदर है जोकि 19 दिसंबर की सुबह करीब 11 बजे मुजफ्फरनगर कोर्ट में तारीख पर पेशी के लिए गया था। लेकिन वह वापस नहीं लौटा। उसके बारे में सभी जानकारों, रिश्तेदारों में पता किया, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। वहीं सरिता ने बताया कि उसके पति पर करीब 10 साल पुराना एक मर्डर केस है। जिसमें उसके अलावा अन्य भी लोग कोर्ट सुनवाई में विचाराधीन है। इसी तारीख पर पेशी के लिए वह घर से निकला था। लेकिन दोपहर को वकील का फोन आया, जिसने पूछा कि सुंदर अभी तक कोर्ट नहीं आया है वह कहां है। जिसके बाद परिजनों को उसके अचानक लापता होने का आभास हुआ। वह पांच बच्चों का पिता है। जिसमें बड़े बेटे-बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि तीन बच्चे अभी अविवाहित हैं।

### मोहन भागवत के विचार से समाज में शांति व एकता बढ़ेगी: अफसर रावल

**पानीपत, ( कमाल हुसैन)** गर्वित भारतीय और मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि चौधरी अफसर रावल ने आज पत्रकारों को सम्बोंधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत द्वारा दिए गए वक्तव्य का समर्थन व स्वागत करते हुए कहा कि उनके विचार गहराई और सकारात्मकता से भरे हुए हैं। इसके अलावा मुझे यह भी गर्व है कि मुझे श्री भागवत के साथ व्यक्तिगत रूप से बातचीत करने का अवसर मिला। उनके विचार समाज में शांति, एकता और सद्भावना को बढ़ावा देने के प्रति गंभीर हैं। श्री भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवादों के बढ़ते मुद्दे पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कुछ लोग हिंदुओं का नेता बनने के लिए मंदिर मस्जिद विवाद खड़ा कर रहे हैं। श्री भागवत इस से पहले भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद में शिवलिंग क्यों ढूंढना उनका संविधान और आपसी सौहार्द पर जोर देना काबिले तारीफ है। मैं उनके इस दृष्टिकोण का समर्थन करता हू और सभी समुदायों से अनुरोध करता हू कि वे इस संदेश को आत्मसात करें। चौ. अफसर रावल ने कहा कि आरएसएस का प्रमुख उद्देश्य देश में एकता कायम रखकर देश के युवाओं को अपनी संस्कृति से रूबरू कराने। युवाओं में सही आदतों को विकसित कर उनके जीवन स्तर का ऊंचा उठाना है। आएसएस की कक्षाओं में देश का भविष्य युवाओं को अच्छे विचारों के अलावा अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक अभ्यास भी कराया जाता है। चौ.अफसर रावल ने कहा कि आरएसएस युवाओं को देश पर आने वाली आपदा में जनता की सहायता करने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिसके बारे में देश की बहुत की कम जनता को पता है। देशभक्ति व देशसेवा का जज्बा भरने का काम युवाओं में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा ही किया जाता है।



# वात्सल्य वाटिका का वार्षिकोत्सव आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका का बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि थाना कृष्णा गेट से एएसआई संतोष रानी, समाजसेविका मनजीत एवं सरिता सैनी विशिष्ट अतिथि रही। इस दौरान डॉ.संजीव कुमार मुख्य वक्ता रहे। वात्सल्य वाटिका आश्रम के संचालक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने मुख्यातिथि सुरजीत कौर सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम




में विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अपने संबोधन में मुख्यातिथि ने कहा कि वात्सल्य वाटिका जैसी संस्थाएं वास्तव में समाज कल्याण का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि आज बेटियों को शिक्षित किया जाना अति आवश्यक है। आज भी कई परिवार ऐसे हैं जहां बेटियों को शिक्षा से वंचित किया जाता है। यदि सभी संस्थाएं मिलकर प्रयास करें तो निश्चित तौर पर बेटियां शिक्षित हो सकेंगी। विशिष्ट अतिथि एएसआई संतोष रानी ने कहा कि विकसित भारत की ओर कदम बढ़ाते हुए हमें नई पीढ़ी को समग्र विकास पथ पर लाना जरूरी है जिससे नई पीढ़ी अपना समाज और देश के प्रति नैतिक कर्तव्य समझ सकें। सरिता सैनी ने बच्चों की शिक्षा व संस्कार पर बोलते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों को भारतीय संस्कार देने बहुत जरूरी हैं जिससे वो पाश्चात्य संस्कृति के कुप्रभाव से बच सकें और संस्कारों का सम्मान करें। मुख्य वक्ता डॉ.संजीव कुमार ने कहा कि आज का दिन वास्तविक रूप में बाल दिवस के रूप में आयोजित किया जाने वाला दिन है। इन दिनों ही मुगल काल में एक सप्ताह के दौरान गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह द्वारा धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया गया था। प्रत्येक बालक को इस शहादत से प्रेरित होकर देश,धर्म और समाज की सेवा के लिए अग्रसर होना चाहिए।

# दुकान के सामने से स्कूटी चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में दुकान के सामने खड़ी स्कूटी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकाडिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। इंडियन कॉलोनी निवासी राजवीर सिंह ने बताया कि गत 19 दिसंबर को वह करीब तीन बजे अपनी स्कूटी को परचून की दुकान के सामने खड़ी करके दिल्ली चला गया। उसके बाद रात को वापिस लौटा। उसने देखा कि

**मुकदमा**

**मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है**

दुकान के सामने खड़ी स्कूटी गायब मिली। अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित हितेश निवासी सुंदर सांवरी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे जमानत मिल गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। खतौली हाल में राजीव नगर निवासी शाहबान ने गत 10 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह सैल्स एसोसिएट के पद पर कार्यरत है। गत 9 दिसंबर को रात को वह डयूटी पर जा रहा था।

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित सांवरी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया**

उसे डबल स्टोरी पर पहुंचा। उसी दौरान बाइक सवार तीन युवकों ने उसका पीछा गया। उसके बाद उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गोली मारकर घायल करने के दो दोषियों को दस-दस साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र में गोली मारकर महिला को घायल करने के दो आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. जसबीर सिंह की अदालत ने कुख्यात पवित्र उर्फ धोला व उसके साथी दस-दस साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 12-12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। गांव राजपुर निवासी प्रियंका ने 21 अप्रैल, 2018 को पुलिस को बताया था कि उसका पति निशांत किसान है। उनके

**फैसला**

**12-12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**

पति का गांव के ही राहुल के साथ झगड़ा हो गया था। जिसमें उनका वर्ष 2015 में समझौता हो गया था। उसके बावजूद वर्ष 2017 में उसकी झगड़े की रंजिश रखते हुए राहुल व गांव के शक्ति ने उनके पति को गोली मारी थी। जिसमें मुरथल थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। प्रियंका ने बताया था कि मामले में उनके पति की गवाही होने वाली है। 20 अप्रैल, 2018 की रात को वह अपने पति के साथ अपने प्लॉट में थी।
तभी शक्ति का भाई पवित्र कार में अपने साथी को लेकर आया था। तब पवित्र ने उनके पति निशांत को धमकी दी थी कि उसे मुकदमा मे गवाही देने का मजा चखाते है। दोनों ने उनके पति को मारने के लिए तीन गोलियां चलाई थी। वह अपने पति को बचाने लगी तो प्रियंका के पैर में गोली लग गई थी। उनके पति दीवार कूदकर भागे थे।

# अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जीशान निवासी बरेली यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उप निरीक्षक नरेश ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान जाटी मोड़ पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक अवैध हथियार सहित घुम रहा है। उसने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से एक पिस्तौल बरामद किया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# साइलेंसर में बदलाव करवाने वाले बुलेट चालकों पर होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र श्री वरूण सिंगला के दिशा-निदेर्शानुसार यातायात प्रभारी कुरुक्षेत्र द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, ट्रिपल राइडिंग, तेज गति, और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 170 वाहनों के चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए। शहर में कई युवकों द्वारा अपनी बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलकर ऊँची आवाज



में पटाखे चलाने की घटनाएँ बढ़ गई हैं, जिससे आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। ऐसे में, बुलेट पर पटाखे बजाने वालों के खिलाफ पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष टीमों का गठन कर इस

**सख्ती**

**ट्रिपल राइडिंग, तेज गति, और बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया**

संबंध में कड़ी कार्रवाई करें। अक्सर देखा गया है कि कुछ आवारा युवक राह चलती महिलाओं और युवतियों के पास जाकर बुलेट बाइक से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाने का प्रयास करते हैं, जिससे खासकर महिलाओं को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है और दुर्घटना होने का भी अंदेशा रहता है। इस संबंध में पुलिस को कई शिकायतें मिली हैं, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए विशेष अभियान चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अब कुरूक्षेत्र में बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, वहीं ट्रिपल राइडिंग, तेज गति से वाहन चलाने वाले और बिना हेलमेट पहनने वाले लोगों के खिलाफ भी विशेष अभियान शुरू किया गया है। कुरूक्षेत्र पुलिस की टीमें कानून को हाथ में लेने वाले बिगड़ैल बच्चों को सुधारने में जुट गई हैं।

# चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने कंपनी से डीजल चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है गिरफ्तार आरोपित अर्पित निवासी रसोई सोनीपत, व जितेंद्र निवासी सुल्तानपुर यूपी हाल में प्याऊ मनियारी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कांगड़ा हिमाचल हाल में नाथुपुर कुंडली निवासी अमित ने गत 23 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह ड्यूटी पर मौजूद था। रात को सुरक्षा कर्मी ने

**काबू**

**पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।**

सूचना दी कि कंपनी की पिछली साइट में कोई व्यक्ति पाइप लगाकर डीजल चोरी कर रहा है। दीवार के पीछे जाकर देखा तो पांच प्लास्टिक कैन में तेल डला हुआ था। वह पाइप लगाकर तेल को चोरी कर रहा था। नजदीक जाने पर एक कार मिली।

# कर्मचारियों को सेवा करने का संकल्प लेकर कार्य करना चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**

**राज्यसभा** सांसद रामचन्द्र जांगड़ा ने जिला सचिवालय में आयोजित सुशासन दिवस के अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि बोलते हुए कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को जनता की सेवा करने का संकल्प लेकर कार्य करना चाहिए ताकि जनता के समक्ष उनका उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके। जनता का काम सही आचरण और इच्छा शक्ति से हो, यही सुशासन है।
उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों की बहुत बड़ी जिम्मेदारी रहती है वे योजनाओं का लाभ किसे दे रहे हैं और किसे नही दे रहे हैं, दोनों तरह की जिम्मेदारी उन्हीं की है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम



लोगों की सेवा के लिए संवेदनशील हों। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि आज हम सुशासन दिवस के अवसर पर यहां एकत्रित हैं। ऐसे में हम सभी प्रण लें कि हम लोगों की सेवा करें।
राज्यसभा सांसद रामचन्द्र जांगडा ने कहा कि सुशासन दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित किया जाता है।
वे ऐसे निडर और देशभक्त प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने विश्व की किसी भी शक्ति का दबाव ना मानते हुए पोखरण में परमाणु परिक्षण कर भारत की समप्रभुता और गौरव को बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने दिखा दिया कि भारत किसी के दबाव में नही रहेगा।
पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति में नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर ईमानदारी से स्वच्छ प्रशासन देना इस सोच को साकार करते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मनोहरलाल प्रदेश में समान रूप से विकास करवा रहे हैं। भ्रष्टद्माचार को समाप्त करने के लिए नौकरियों में मेरिट की व्यवस्था को लागू किया गया है।
उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी लोगों का भला करें, ईमानदारी और संयम से काम करें। सरकार की नीतियों का लोगों तक पंहुचाने और पात्र लोगों को लाभ पंहुचाने का हमारा दायित्व है। इस दायित्व का निर्वहन ईमानदारी और सेवाभाव से करें।
इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा नेता हरपाल ढांडा, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलुजा, पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह, एडीसी डॉ. पंकज यादव, जिला परिषद के सीईओ नरेन्द्र पाल मलिक, एसडीएम ब्रहमप्रकाश, एमडी शुगर मिल मनदीप, सीटीएम टिनु पोसवाल, सीएमओ डॉ. जयंत आहुजा, मेघराज गुप्ता, सुमित जागलान, प्रमोद, प्रदीप उपाध्याय के अलावा विभागों के वरिष्ठद्द अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अधिकारियों व कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, (कमाल हुसैन )** सुशासन दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बुरा, गर्वमेंट स्कूल महराना की मुख्यअध्यापिका नीता रानी, ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी बापौली कृष्णा खत्री, ब्लॉक एजुकेशन अधिकारी इसराना डॉ. सुनिता कादियान, आईबी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार डीसीडब्ल्यूओ रितु रानी, मैम्बर चाईल्ड वेलफेयर कमेटी डॉ. मुकेश कुमार को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन विभाग के डाटा एंट्री ऑपरेटर महेन्द्र सिंह को तृतीय प्ररस्कार प्रदान किया गया। राजकीय आईटीआई के



प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार, क्लर्क ललित कुमार, राहुल, कृष्ण कुमार, सब्जेक्ट मेटर स्पेशलिस्ट डीडीए अरविन्द कुमार, सीआईए-1 से हैड कांस्टेबल संदीप, कांस्टेबल युगल, कांस्टेबल गोपाल, कांस्टेबल अनिल, सीआईए-2 से हैड कांस्टेबल रवि, ईएचसी प्रमजीत, एएसआई सुनिल, सीआईए-3 से हैड कांस्टेबल भरत, कांस्टेबल प्रवीन, कलर्क मुस्तकीम, लिगल ऑफिसर राजेश कुमार, बीडीपीओ शक्ति सिंह, क्लर्क रविन्द्र कुमार, प्रवीन, गुरजयंत, सेवादार सचिन रंगा, क्रिड से सक्षम भाटिया, एचएसआरएलएम मुलतजिर आलम, एम.ए. ब्रांच से बिजेन्द्र कुमार को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




# अजय माकन और देवेन्द्र यादव ने केजरीवाल और भाजपा के काले राज को किया उजागर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन, सांसद और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल के 11 वर्ष और भाजपा के 10 वर्षों के काले राज को उजागर करते हुए श्वेत पत्र 'मौका मौका हर बार धोखा' नाम से जारी किया। संवाददाता सम्मेलन में अजय माकन और देवेन्द्र यादव के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, सचिव प्रभारी सुखविंदर सिंह डैनी और दानिश





अबरार, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ और कांग्रेस नेशनल कॉआर्डिनेटर भी अभय दूबे मौजूद थे। श्वेत पत्र संलग्न है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली आम आदमी पार्टी की 11 साल की सरकार और भाजपा की केन्द्र में 2013 के बाद से सरकार है। बहुत उम्मीदों से दिल्ली के लोगों ने दोनों पार्टियों को बहुमत देकर इन्हें सत्तासीन किया लेकिन लम्बे समय के बाद अब जनता आज महसूस करती है कि वादो के नाम पर उन्हें सिर्फ धोखा मिला है। उन्होंने कहा कि 15 साल कांग्रेस की सरकार रही और प्रगति के क्षेत्र में दिल्ली में नए आयाम स्थापित किए। विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर,प्रदूषण,महिला सम्मान, बुजुर्गों को पेंशन, राशन कार्ड, मेट्रो का जाल, सीएनजी बसों का बेड़ा, शुद्ध पर्यावरण, ग्रीन कवर हो या स्वास्थ्य व्यवस्था तथा शिक्षा के क्षेत्र में शहर को विकास की पटरी पर लाकर दिल्ली को विश्व स्तरीय शहर बनाने की नींव रखी थी। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में एक सौदागर आया जिसने भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी प्रशासन देने का दावा किया और दिल्ली की जनता ने झांसे में आकर अरविन्द केजरीवाल को बड़ा बहुमत दिया। जनता को उम्मीद थी कि उन्हें फ्री बिजली, पानी मिलेगा, शहर लंदन पैरिस जैसा बनेगा, यमुना सफाई और प्रदूषण नियंत्रण के लिए काम होगा। परंतु आज दिल्ली कूड़े का ढेर, टूटी सड़कों वाली राजधानी बनकर रह गई है। वृद्धों को पेंशन नहीं, गरीबों को राशन नहीं, घर में गंदा पानी, महंगी बिजली के बिल बढ़े गए है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की तरक्की चौतरफा रुकी हुई नजर आती है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पंक्तियां कही कि 'दिल्ली में तरक्की मुस्कुराएगी-कांग्रेस की सरकार फिर एक बार आएगी। कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यदि केजरीवाल का एक शब्द के वर्णन किया जाए तो वह है फजीर्वाल। अरविन्द केजरीवाल फजीर्वाड़े में दुनिया का सबसे बड़ा राजा है। जिसके काले कारनामों के खिलाफ आज हम श्वेत पत्र लेकर आए है। उन्होंने कहा कि यह श्वेत पत्र भाजपा पर भी लागू होता है। यह श्वेत पत्र 'मौका मौका हर बार धोखा' चुनाव प्रचार के दौरान हमारा ब्लू प्रिंट होगा।

# वजीरपुर: सभी को करना चाहिए पौधारोपण: उमाकांत शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा के मंडल अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और पेड़-पौधों की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से जहां एक ओर हमें फल, फूल और छाया मिलती है वही इनसें हमें कई प्रकार की औषधियां भी प्राप्त होती है, इसलिए सभी अधिक से अधिक पौधे लगाये और दूसरों को भी पौधे लगाने के लिए प्रेरित करें। एक अन्य सवाल के जवाब में भाजपा मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी उमाकांत शर्मा ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी



कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

# प्रगति मैदान में अटल सम्मान समारोह व गाथा का हुआ भव्य रूप में आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में एकादशम राष्ट्रीय 'अटल सम्मान समारोह' व प्रसिद्ध संगीतमय अटल गाथा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अटल सम्मान समारोह ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक अजय भाई ने संगीतमय अटल गाथा का आयोजन कर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होनें अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को उनकी कविताओं





और स्मृतियों का संगीतमय पाठ कर लोगों का खूब मन मोहा। इस अवसर पर अटल सम्मानों की श्रंखला के ग्यारहवें आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के लिए 20 सम्मान दिये गए। विश्वभर में अपनी अलग पहचान बना चुके अटल सम्मान समारोह में देश-विदेश से प्राप्त सैकड़ों आवेदनों की गहन पड़ताल के बाद चयन समिति के सदस्य सांसद व कलाकार मनोज तिवारी, पद्मश्री नलिनी-कमलनी, गायक कुमार विशु, माटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा व साहित्यकार भुवनेश सिंघल ने विभिन्न कार्यक्षेत्रों के 20 लोगों का चयन किया। अटल सम्मान समारोह के अध्यक्ष व कार्यक्रम के आयोजक सुप्रसिद्ध कवि भुवनेश सिंघल ने बताया कि यह उनका दसवां आयोजन है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के लिए कलाकारों, मनीशियों, साहित्यकारों,समाजसेवियों, व्यापारियों व राजनीतिज्ञों आदि सहित देश-विदेश के 20 चयनित योग्य लोगों को अपनी भारतीय परम्परा व सस्कृति के अनुसार शंखनाद व मंत्रोच्चार की स्वरलहरियों के बीच सम्मानित किया गया।

सिंघल ने यह भी बताया कि यह देश का एकमात्र ऐसा आयोजन है जोकि अपनी सांस्कृतिक पहचान के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। अटल सम्मान समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्व समाजसेवी वयोवृद्ध एस एस अग्रवाल ने की।

# आप की पार्षद प्रियंका गौतम भाजपा में हुई शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा की उपस्थिति में आज आम आदमी पार्टी की घडोली से निगम पार्षद एडवोकेट प्रियंका गौतम अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुईं। इस मौके पर आशीष सूद, मुख्य प्रवक्ता अभय वर्मा आदि उपस्थित थे।

बुधवार को दक्षिण दिल्ली से पूर्व पार्षद एवं गुजर समाज के नेता धर्मवीर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा में शामिल होने वालों में आम आदमी पार्टी की कोंडली विधानसभा उपाध्यक्ष मालती गौतम, एससी एसटी प्रकोष्ठ के



विधानसभा सचिव जुगल किशोर, एससी एसटी वेलफेयर बोर्ड के पूर्व सदस्य सुनील परेला, अनूप शर्मा जसपाल, अंबेडकर भवन समिति के अध्यक्ष प्रभुदयाल एवं सचिव लोकेश कुमार , मनोज रतूड़ी, अब्बास अंसारी, यूनुस सैफी आदि प्रमुख थे। हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि दिल्ली में एक ऐसे मुख्यमंत्री है जिन्होंने राजनीति में ना आने की कसमें खाई थी और जब राजनीति में आ गए तो बंगला, सिक्योरिटी और गाड़ी ना लेने की कसमें खाई लेकिन आज उन्होंने अपने लियें शीशमहल बना लिया और दिल्लीवालों को ठगने के अलावा कुछ नहीं किया।

महिलाओं के साथ छलावा करने वाले केजरीवाल पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने दिल्ली से पहले पंजाब में भी 1000 रुपया देने का वायदा किया लेकिन पंजाब में सरकार बने दो साल हो गए और आज तक उन्होंने एक रुपये पंजाब की बहनों को नही दिया।

# मैं अब रुकने वाला नहीं हूं: प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने बुधवार को पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता प्रवेश वर्मा पर महिलाओं को पैसे बांटने के आरोप लगाए लेकिन प्रवेश वर्मा ने उन्हीं पर पलटवार करते हुए तीखी प्रतिक्रिया जताई है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आतिशी उस वक्त मुख्यमंत्री बनीं, जब दिल्ली सरकार का मंत्रिमंडल तिहाड़ जेल में था। आप सांसद संजय सिंह भी मेरे घर के आगे पीछे घूम रहे हैं। आम आदमी पार्टी ( आआपा ) के इन बड़े नेताओं को नई दिल्ली विधानसभा की चिंता करते हुए देखकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। वर्मा ने कहा कि मैं अब रुकने वाला नहीं हूं।

# दिल्ली में लगा गंदगी का अंबार, केजरीवाल है जिम्मेदार: दीपक गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली का बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र पिछले ग्यारह सालों से गंदगी समेत विभिन्न तरह की समस्याओं से त्रस्त है। बुराड़ी के लोगों को बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है और अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए है तो आप संयोजक अरविंद केजरीवाल फिर से दिल्ली की जनता को भ्रमित कर तमाम तरह का चुनावी वादा करने में लगे हुए है। उक्त सभी बातें जनता दल यूनाईटेड के दिल्ली प्रदेश



उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कही। दीपक गुप्ता ने कहा की पूरे दस साल तक तो क्षेत्रीय आप विधायक संजीव झा अपने घर में सोते रहे और जब चुनाव आ गया अपने घर से बाहर निकल कर लोगों के बीच मुफ्त की रेवड़ियां बांटने में लगे हुए है।

गुप्ता ने बताया कि कॉलोनियों में सफाई व्यवस्था चौपट है, गंदगी का अंबार लगा हुआ है, इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनियों में कई-कई दिनों तक कूड़ा नहीं उठ रहा है, जिसके कारण इलाके में गंदगी फैली है। इतना ही नहीं गंदगी के कारण क्षेत्र में महामारी फैलने का खतरा है। ऐसे में यदि समय रहते हुए उचित कार्रवाई नहीं की गई तो बहुत बुरा प्रभाव होगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर 'हिन्दू रक्षा समारोह' का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** काशी विश्व विद्यालय के प्रणेता, भारतीय विद्वान, श्रेष्ठ वकील व राजनीतिज्ञ और भारत रत्न से सुशोभित महामना मदन मोहन मालवीय तथा मातृभाषा हिन्दी के प्रबल समर्थक, उच्चकोटि के कवि एवं राजनीतिज्ञ अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विशाल 'हिन्दू रक्षा समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर करीब 5100 युवक-युवतियों को शिवास्त्र धारण करवाकर अपनी रक्षा स्वयं करने के लिए प्रेरित किया गया। संतों के पावन सानिध्य में आयोजित इस प्रभावकारी कार्यक्रम में परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी







महाराज की गरिमामयी उपस्थिति के अतिरिक्त अनेक शीर्षस्थ साधु-महात्मा सम्मिलित हुए व शिवास्त्र धारण करने वालों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने इस अवसर पर कड़े शब्दां में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबरपुर क्षेत्र को अवैध बांगलादेशी और रोहिंग्याओं का गढ़ बना दिया गया। ये घुसपैठिए जबरी यहां बसाए गए और स्थानीय नागरिकों के अधिकारों को रोंद कर उन्हें जन सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन्हीं के संगठन ने आज से 25 साल पहले बांगलादेशियों को दिल्ली से बाहर खदेड़ने की आवाज उठाई थी। आज फिर हम इन अवैध घुसपैठियों को दिल्ली से बाहर कर देने का कृत संकल्प दोहराते हैं। पूर्वाचलियों के झूठे नाम लेकर केजरीवाल वास्तव में इन्हीं घुसपैठियों के लिए विलाप कर रहे हैं। इसे बड़ी त्रासदी क्या होगी 2020 के दंगा पीड़ितों की महिमा मंडित करके उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिए जा रहे है। गोयल ने महामना मदन मोहन मालवीय और अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजली देते हुए कहा कि आज के विपक्षी नेताओं ने इन महान विभूतियों के जीवन से कुछ नहीं सीखा। इन दलों का आचरण हमेशा राष्ट्र विरोधी और हिन्दू विरोधी रहा है।

मदन मोहन मालवीय को उनके देहांत के 78 साल बाद मोदी जी ने भारत रतन से विभूषित किया जबकि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने अपने जीवित रहते हुए ही खुद को भारत रतन दे दिया था। जबकि राजीव गांधी को मृत्यु के एक दो महीने बाद भारत रत्न दे दिया गया था।

गोयल ने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए विपक्षी दल कितना भी नीचे गिर सकते हैं। इसी क्षेत्र में उन्हें अवैध कब्जे करने की खुली छूट मिली हुई है। आज लोग सड़कों पर अतिक्रमण, यातायात कुव्यवस्था, टूटी फूटी गलियों-सड़कों, साफ पीने का पानी, अवैध कब्जों यहां तक कि साफ हवा न मिलने तक से परेशान हैं। लोग सफाई कुव्यवस्था से बुरी तरह आहत हैं। पूरे इलाके में विकास होना तो दूर मूलभूत सुविधाओं से लोग वंचित हैं।



# करोडी भीड़ से निपटने में आधुनिक तकनीक बन रही वरदान

## नए साल पर लगभग 80 लाख श्रद्धालुओं के जुटने का है पूर्व अनुमान



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। कान्हा की** नगरी में भीड साल दर साल रिकार्ड तोड रही है। पिछले साल करीब सात करोड लोग धार्मिक पर्यटन और आस्था के तहत मथुरा आये। इस वर्ष के अंत तक यह आंकड और बढ सकता है। कई अवसरों पर भीड का आंकडा एक करोड के आसपास तक पहुंच जाता है। वीक एण्ड और प्रमुख अवसरों पर भीड भाड ज्यादा रहती है। वर्ष भर में नए साल के अवसर पर भीड का दबाव सबसे ज्यादा रहता है। नए साल पर 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक भीड का दबाव सबसे ज्याद रहेगा। लगातार बढ रहे भीड के दबाव से निपटने के लिए जिला प्रशासन अधुनिक तकनीक की मदद ले रहा है। यह प्रयोग काफी हद तक सफल भी हो रहे हैं। इसमें ड्रोन कैमरे, सीसीटीवी कैमरे के अलावा दूसरी तकनीकों का भी सहारा लिया जा रहा है। बारह से आने वाले श्रद्धालुओं को बनाई गई पार्किंगों की स्थिति क्षमता और उपलब्ध स्पेस की भी जानकारी मोबाइल पर मिल सके इस तरह की व्यवस्था भी की जा रही है। बुधवार को जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं एसएसपी शैलेश पांडेय ने पुलिस बल के साथ वृंदावन में श्री बांके बिहारीजी मन्दिर व आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए पैदल गश्त किया एसएसपी शैलेश पांडेय ने बताया कि साल के अंत में मथुरा जनपद के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे मथुरा वृंदावन, बरसाना, गोवर्धन, गोकुल, नंदगांव, महावन, बलदेव आदि धार्मिक स्थ्लों पर भारी संख्या में श्रद्धालु देश के कौने कौन से और विदेश से भी आते हैं। भीड 20 दिसम्बर से शुरू हो जाती है और जनवरी के दूसरे सप्ताह तक लगातार चलती है। 25 दिसम्बर के बाद से दो तीन तारीख तक विशेष भीड का आगमन होगा। श्रद्धालु यहां भारी संख्या में आएंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था उनके सुगम दर्शन हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और भीड नियंत्राण की व्यवस्था सुनिश्चत कराई जा रही है। एक तरफ भारी संख्या में पुंलिस बल लगाया जा रहा है। जिसमें सुरक्षा बल चाहे वह पीएसी, स्थानीय पुलिस, सादी वर्दी अभिसूचना के हौं तेनात किये जा रहे हैं। भीड नियंत्रण के लिए जैसे होल्डिंग ऐरिया बनाना, चैनल बनाना इस तरीके के काम शुरू कर दिये गये हैं। भीड नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। जहां पूरे क्षेत्र में इस बर ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। इसके अलावा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी निगरानी हो रही है। वृंदावन और आसपास के क्षेत्रों में लगातार चैकिंग कराई जा रही है। खुफिया विभाग की टीमों को भी अलर्ट पर रखा गया है। स्थानीय लोगों, मंदिर प्रबंधनों का भी सहयोग लिया जा रहा है। एसपी सिटी डा. अरविंद कुमार ने बताया कि बंकेबिहारी मंदिर परिसर और गलियों में सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।

# नशे में वाहन चलाया, रील बनाई या और कोई गड़बड़ की तो खानी पड़ सकती है जेल की हवा

## नव वर्ष के आगमन की तैयारी में पुलिस ने कसी कमर,जारी किया प्लान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः नव वर्ष** 2025 के आगमन पर जश्न के दौरान कानून व्यवस्था को चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। कहीं पर किसी तरह को गड़बड़ न हो, इसके लिए पुलिस नव वर्ष के मद्देनजर 26 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे से 2 जनवरी 2025 शाम तक जिले में कुल 26 स्थान पर 24 घंटे वाहनों की चेकिंग करेगी।प्रत्येक वाहन चेकिंग स्थान पर मोबाइल बैरिकेड, टॉर्च, ब्रीथ एनेलाइजर एवं पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था होगी। यानी नशे में वाहन चलाया या और कोई गड़बड़ की तो जेल की हवा खानी पड़ सकती है। वाहन चेकिंग प्वाइंट पर कम से कम 10 पुलिसकर्मी एक साथ होंगे, जिसमें कम से कम 05 उपनिरीक्षक शामिल होंगे। इसको लेकर गाजियाबाद पुलिस ने अपना पूरा प्लान बुधवार को जारी किया है। पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा के मुताबिक, यदि कोई व्यक्ति शराब पीकर हुड़दंग करता पाया गया तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट में 10 हजार रुपये के जुमार्ने तथा 06 माह के कारावास की सजा का प्राविधान है। थाना प्रभारी एवं सहायक पुलिस आयुक्त भी 24 घंटे में दो बार वाहन चेकिंग प्वाइंट पर आकस्मिक रूप से अथवा स्वयं मौजूद रहकर वाहन चेकिंग करेंगे। इसका उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नकेल लगाना, गाड़ी के छतों एवं बोनट पर बैठकर रील बनाने तथा महिलाओं एवं बच्चियों के साथ छेड़खानी करने से रोकना होगा। 31 दिसंबर को ऐसे सभी सार्वजनिक स्थान, रेस्टोरेन्ट, होटल, बार जहां नववर्ष के कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहां निकास द्वार के पास पुलिसकर्मी ब्रीथ एनेलाइजर के साथ मौजूद रहेंगे। जो नशे की हालत वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे। सोसाइटियों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले नववर्ष के कार्यक्रम की अनुमति देने के विषय में सहायक पुलिस आयुक्तों को समस्त प्रार्थना पत्रों पर 48 घंटे के अन्दर निर्णय लेने के लिए निर्देशित किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नए साल पर मथुरा आ रहे हैं तो रूट प्लान जरूरी समझ लें



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। क्रिसमस** एवं नववर्ष पर ठाकुर बांके बिहारी जी के दर्शन करने के लिए कस्बा वृन्दावन में दर्शन परिक्रमा के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालू आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक वृन्दावन की यातायात व्यवस्था में बडा परिवर्तन किया गया है। एकल रूट व्यवस्था लागू की गई है। छटीकरा से कस्वा वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी, कॉमर्शियल वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे। छटीकरा वृदांवन मार्ग पर मल्टीलेबल पार्किंग स्थल से आगे किसी प्रकार का वाहन नहीं जा सकेगा। वैष्णोदेवी पार्किंग से सभी प्रकार के भारी वाहन बडी बसे एवं छोटी बसे वृन्दावन की ओर पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेगी। रुकमणि बिहार गोलचक्कर से वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी, कॉमर्शियल वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। मथुरा वृदांवन मार्ग पर सौ सैया से आगे सभी प्रकार के (भारी, कॉमर्शियल, चार पहिया) वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे। वृन्दावन कट, पानीगांव से वृन्दावन की ओर सभी प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। पानी घाट तिराहे (यमुना पुल) से परिक्रमा मार्ग की ओर वृन्दावन के लिए सभी प्रकार के वाहन प्रतिबन्धित रहेंगे। पानीगांव चौराहा से सौ सैया कस्वा वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी, कॉमर्शियल वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। ग्राम जैत के पास कट एनएच 19 से तथा परिक्रमा मार्ग कट एनएच 19 से भारी वाहन, हल्के वाहन रामताल चौराहा की ओर सुनरख रोड वृन्दावन की ओर कोई वाहन प्रवेश नहीं करेगा।

गोकुल रेस्टोरेन्ट व मसानी चौराहा से कस्वा वृन्दावन की ओर समस्त प्रकार के भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे।

**डायवर्जनः** यमुना एक्सप्रेस वे से वृंदावन होते हुए एनएच 19 को जाने वाले सभी भारी वाहन यमुना एक्सप्रेस वे से राया कट से उतरकर लक्ष्मी नगर से गोकुल बैराज से टाउनशिप होते हुए एनएच19 को जाएंगे। इसी प्रकार एनएच 19 छटीकरा से वृंदावन होते हुए यमुना एक्सप्रेसवे को जाने वाले भारी वाहन टाउनशिप से गोकुल बैराज से लक्ष्मी नगर होते हुए यमुना एक्सप्रेस वे को जाएंगे। यमुना एक्सप्रेस वे की तरफ से और मथुरा शहर की ओर से आने वाले चार पहिया वाहन मात्र सौ सैय्या अस्पताल तक आ सकेंगे इससे आगे प्रतिबन्धित रहेंगे। छटीकरा एनएच 19 की ओर से श्रद्धालुओं के चार पहिया वाहन मात्र मल्टीलेविल पार्किंग तक आ सकेगें तथा नगर निगम द्वारा संचालित इलैक्ट्रिक बसे रुकमणि विहार गोलचक्कर तक आ सकेगी तथा वही से वापस जायेगी, इसके आगे प्रतिबन्धित रहेंगे। जनपद मथुरा में आने वाले श्रद्धालुओं के सभी वाहन जो छटीकरा की तरफ से आयेंगे वह गोकुल रेस्टोरेन्ट होते हुए कल्याण करोति के पास रामलीला ग्राउण्ड पर पार्क करेगे।

**पार्किंग व्यवस्थाः** 25 दिसम्बर से दो जनवरी तक युमना एक्सप्रेस वे से कस्बा वृन्दावन की ओर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को शिवा ढावा के सामने पार्किंग, पानीगांव पुलिस चौकी के पास पार्किंग, पैराग्लाइडिंग पार्किंग, पानी गांव पशु पैठ (बड़े वाहन बस, इत्यादि), पवन हंस हैलीपैड, मंडी पार्किंग, दारुक पार्किंग, टीएफसी पार्किंग स्थलों में पार्क कराये जायेंगे। मथुरा शहर की ओर से वृन्दावन को आने वाले श्रद्धालुओं के सभी वाहन टीएफसी मैदान पार्किंग, चौहान पार्किंग, मंडी पार्किंग, आईटीआई कॉलेज पार्किंग। (समस्त प्रकार की बडी बसे, ट्रैवलर), पागल बाबा अस्पताल की खाली भूमि गांव धौरेरा (चार पहिया वाहन) पार्कि किये जाएंगे।

### जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे संभल हिंसा के सात आरोपित

**मुरादाबादः संभल** हिंसा में बीते दिन गिरफ्तार किए गए सात आरोपितों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया जहां से सभी को जिला कारागार भेज दिया गया। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के अनुसार इन सात आरोपितों समेत अब तक 49 आरोपितों को गिरफ्तार करके जेला भेजा जा चुका है। संभल एसपी ने बताया कि बवाल के दौरान जो फोटो लिए गए थे उन फोटो के आधार पर आरोपितों की पहचान हुई और इसी आधार पर इनको मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया था। 24 नवंबर को जामा मस्जिद सर्वे के दौरान मोहल्ला कोटपूर्वी में बवाल हुआ था। इसमें उपद्रवियों ने पथराव और फायरिंग की थी। साथ ही कई वाहनों को फूंक दिया था।

# शराबी पति ने मां-बेटी पर चाकू से प्रहार कर किया घायल

**फतेहपुरः जिले** में बुधवार को पत्नी पर शराबी पति ने चाकू से ताबड़तोड़ प्रहा कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के वक्त मां को बचाने आई छह वर्षीय मासूम बेटी को भी पिता ने चाकू मारकर मरणासन्न कर दिया। घटना में घायल मां-बेटी को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के शादीपुर इस्माइल गंज मोहल्ला निवासी जावेद नशे का आदी है। देर रात पति जावेद शराब के नशे में घर आया। घर में सो रही पत्नी अंजुम बानो (30) को गाली-गलौज करने लगा, जैसे ही नींद से पत्नी जागी तो युवक शराब के लिए पत्नी से रुपए मांगे तो पत्नी ने विरोध किया।

# अन्तर्राज्यीय शातिर चोरों से तीन लग्जरी गाडियां बरामद



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। थाना** रिफाइनरी पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से तीन लग्जरी गाडियां बरामद की गई है। इनमें थाना रिफाइनरी क्षेत्र से चोरी हुई टाटा हैरियर गाडी के अलावा दिल्ली से चुराई गई दो हुंडई क्रेटा कार हैं। अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के तीन सदस्य अमितेश उर्फ मोनू पुत्र रामकुमार सिंह निवासी ओल्ड वोल्टास कैम्पस अपोजिट तारा मण्डल बैली रोड पो. जीपीओ थाना कोतवाली जिला पटना बिहार, मुकेश पुत्र श्रीपत सिंह निवासी ग्राम पीपरखेडा पोस्ट मुरैना थाना सरायछोला जिला मुरैना मध्यप्रदेश व निरंजन सिंह उर्फ चुन्नू पुत्र स्व. साधु शरण सिंह निवासी ग्राम नत्थूपुर पिलर बोधा चकरोड पोस्ट कुरघोल थाना परसा बाजार जिला पटना बिहार को बुधवार को बाद रेलवे पुल के पास एनएच 19 से चुराई गयी गाडियों व तस्करी के लिए ले जायी जा रही गैर प्रान्त की अवैध शराब व अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया। अभियुक्त अमितेश उर्फ मोनू पटना की मुलाकात 2015 में दीपक उर्फ बल्ले निवासी जैथरा एटा से गौतमबुद्ध नगर में एक बार में हुई। बल्ले गाडियां बदल बदल कर बार में आता था फिर अमितेश ने दीपक से प्रभावित होकर उससे दोस्ती कर ली फिर राजू गोली उर्फ राजेश शर्मा आगरा, सुजान सिंह मीणा उर्फ गुट्टा, जीतू गुप्ता एटा, मुकेश लम्बू मुरैना, शैलेन्द्र भदौरिया ग्वालियर के साथ मिलकर गाडी चोरी करने की टीम बनाई जिसमें मुरैना , एटा व ग्वालियर के कुछ लडके साथ लेकर लग्जरी गाडियो के लॉक खोलकर गाडिया चोरी कराई फिर उन गाडियो को मुकेश लम्बू अपने साथियों के साथ पटना में मोनू पटना व निरंजन के पास पहुंचाता है। निरंजन अपनी वर्कशाप में उन गाडियों के चैसिस नम्बर व पहचान मिटाकर मोनू के द्वारा उपलब्ध कराये गये फर्जी नम्बर व चैसिस नम्बर गाडियों पर टंकण कर उन गाडियों को शराब तस्करों को सिलीगुडी व पटना व अन्य स्थानों पर बेच देते है व खुद भी नम्बर बदलकर उन गाडियो का प्रयोग करते है। अमितेश के विरूद्ध आगरा, लखनऊ, मथुरा आदि जनपदों के विभिन्न थानों में 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार आदि राज्य में आपराधिक इतिहास की तलाश की जा रही है।

कार्यवाही करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सोनू कुमार थाना रिफाइनरी, एसआई विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांस सैल मय टीम, एसआई मोहनलाल थाना रिफाइनरी, एसआई विपिन तोमर, एसआई अखिलेश वशिष्ठ, एसआई सुभाष चन्द्र यादव, एसआई उमंग त्यागी, एसआई उत्तम भडाना, एसआई प्रिया सिवाच तथा एसआई मोनालिसा थाना रिफाइनरी आदि थे।

# मुठभेड़ के बाद तीन बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हुआ

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** थाना राया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मुठभेड के बाद तीन लूट के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली लगने से एक आरोपित घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पतला में भर्ती कराया है। पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड ग्राम पिलखुनी नहर पुलिया से 200 मीटर आगे काकरेठिया की तरफ थाना राया क्षेत्र में रात के समय हुई। मुठभेड के दौरान गोली लगने से अभिषेक पुत्र राजकुमार निवासी हसनपुर जरिलिया थाना नौहझील घायल हुआ है। जबकि करण उर्फ.काली पुत्र एलम सिंह निवासी ग्राम गजु थाना राया व सोनू उर्फ.सोहनवीर पुत्र धर्मवीर निवासी तेहरा थाना राया को भी गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से तीन तमंचा, दो कारतूस जिन्दा, दो खोखा कारतूस, एक मोटर साइकिल, लूटे हुए दो मोबाइल, एक ब्लूटूथ डिवाइस बरामद हुई है। चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों को जब रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने अपनी गाड़ी मुख्य सड़क से नहर पटरी की तरह मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया तेजी में होने के कारण मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने के इरादे से फायर किए जिसमें जवाबी फायरिंग में एक बदमाश अभिषेक के पैर में गोली लगी बाकी दोनों बदमाशो को मोके से पकड़ लिया गया है। अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में डकैती, लूट चोरी पुलिस मुठभेड़ आदि के कई मुकदमे दर्ज हैं।

# आत्महत्या से पहले मनोज ने मां और बड़े भाई पर लगाया आरोप

**जौनपुरः जफराबाद** नगर पंचायत के मोहल्ला नासही में मंगलवार को सुबह मनोज सोनी (34) घर के बंद कमरे में पंखे के चुल्ले से फांसी पर लटकता हुआ पाया गया था। परिवार की सूचना पर पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बुधवार को सुबह आत्महत्या से पहले मनोज सोनी का वीडियो वायरल होना शुरू हो गया। मनोज अपनी सगी मां तथा बड़े भाई पर घर के प्रॉपर्टी को लेकर विवाद तथा मां के द्वारा मुकदमा करने की तकलीफ का वीडियो बनाया है। अपने बच्चों को समझाना, अपनी पत्नी को बच्चों को संभालने का संदेश देना, अपने बच्चों को मां की सेवा करने का संदेश देना, अपने मां को सब कुछ ले लेने की बात कहना।

# उत्साह उमंग के साथ मनाया क्रिसमस



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः क्रिसमस** का पर्व पूरी दुनिया में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में ईसाई समुदाय ने प्रभु यीशु मसीह जन्मदिवस क्रिसमस को उत्साह, उमंग और हर्ष के साथ मनाया। कृष्णापुरी स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में पास्टर इंचार्ज रेव्ह श्रीपाल के द्वारा क्रिसमस का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने अपना पुत्र इस धरती पर लोगों को उनके पापों से उद्धार दिलाने के लिए भेजा ताकि जो उसपर विश्वास करें वह नाश ना हो परन्तु अनंत जीवन मिला पाए। इस अवसर पर सदभावना फाउंडेशन के अध्यक्ष और सीएमसी के मीडिया कोऑर्डिनेटर मनीष दयाल ने क्रिसमस की बधाई देते हुए कहा कि जब यीशु मसीह के जीवन पर हम नजर डालते हैं, तो पाते हैं कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के गरीब और बेसहारा लोगों के लिए अर्पित कर दिया। सुदीप मैसी ने प्रार्थना करी तथा आभा दयाल ने पावित्र शास्त्र बाइबल में से वचन पढ़ा और प्राथना करी। इएस अवसर पर विलियम दंपत्ति,निखिल शोर तथा राजमसीह ने विशेष गीत प्रस्तुत किए। हिमांशु सिंह तथा सामर्थ ने संगीत संयोजन की व्यवस्था की। प्रार्थना सभा के उपरांत क्रिसमस केक काटा गया, और प्रभु के प्रसाद के रूप में समस्त अनुयायीयों को केक बंटा गया। सीएनआई चर्च केंट मेंसीएनआई चर्च में रेव्ह रोड्रिक विक्टर की अगुवाई में प्रार्थना सभा का आयोजन किया। उन्होंने कहा क्रिसमस हमें नफरत त्याग कर मानवता के प्रति अगाध प्रेम का संदेश देता है। सैक्रेड हार्ट चर्च मथुरा में फादर एलयास कोरिया ने प्रार्थना कराई और क्रिसमस का संदेश दिया।

इस अवसर पर राकेश मसीह, विकास मसीह, सैमुएल ग्रीन, जौली, जैरेश, रैजी विलियम, विराट, रीमा, आशा अल्बर्ट, मौली, शैलेंद्र विकास, अभिषेक, माग्रेट, रवनीत, उषा मसीह, अनिल मौरिस, राहुल मैसी, गोल्डी दास, एरोन, विशाल आदि उपस्थित रहे ।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया वाजपेयी का जन्मदिन

## कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। देश** के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने और शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने व जनपद के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने के उद्देश्य से सुशासन दिवस मनाया गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, जनता सुनवाई 10 से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करें और जांच आख्या लगाते समय शिकायत कर्ता से संपर्क करें।

कोई भी शिकायत लंबे समय तक लंबित न रहे। विभागवार योजनाओं को अंतिम पायेदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाएं, जिससे आम जनता को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके। परियोजना निदेशक अरुण कुमार ने विभागवार सभी योजनाओं का प्रजेंटेशन दिया।

# घर से लापता बच्ची का शव बोरी में बंद मिला, हत्या की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसीः रामनगर** थाना क्षेत्र के बहादुरपुर सूजाबाद में बुधवार को कूड़े के ढ़ेर पर बोरी में बंद एक आठ वर्षीय बालिका का शव मिला। शव का हाथ-पैर रस्सी से बांधकर बोरी में जबरदस्ती भरा गया था। बच्ची मंगलवार शाम से ही लापता थी। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस अफसर भी पहुंच गए। पूछताछ और छानबीन के बाद पुलिस अफसरों ने बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सूजाबाद स्थित कामील शहीद मजार के पास रहने वाले दिव्यांग शहजादे की बेटी माहिरा (08 साल) मंगलवार शाम को घर से मोर्टिन लेने के लिए पास स्थित दुकान के लिए निकली थी। काफी देर बाद भी बच्ची जब घर नहीं लौटी तो दिव्यांग शहजादे और उनके परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। देर शाम तक ढूढ़ने के बाद भी बच्ची का पता न चलने पर परिजनों ने सूजाबाद पुलिस चौकी में इसकी सूचना दी। परिजन पूरी रात बच्ची के न मिलने पर परेशान थे। बुधवार को घर से कुछ दूर स्थित कूड़े के ढ़ेर पर बोरी में बच्ची का शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में बोरी से शव बाहर निकलवाया गया तो बच्ची का शव देख शहजादे और उसके परिजन बिलखने लगे। संभावना जताई गई कि बच्ची को मारने के बाद उसके हाथ–पांव को रस्सी से बांध कर बोरे में भर कर यहां फेंक दिया गया। सूचना पाते ही एडीसीपी नीतू कादयान, डीसीपी काशी गौरव बंसवाल, एसीपी कोतवाली ईशान सोनी, रामनगर थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए।

# अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष पर योगी सरकार का तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः भारत** रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की बुधवार को 100वीं जयंती है। इस उपलक्ष्य में योगी सरकार की तरफ से जन्म शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में योगी सरकार 25 दिसंबर से परिवहन निगम की वातानुकूलित/शताब्दी सेवाओं के किराए में 20 फीसदी की कमी करेगी। यह छूट 25 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वातानुकूलित बस सेवाओं को जनोपयोगी बनाने के उद्देश्य से परिवहन निगम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशती के अवसर पर प्रदेश की जनता को कम किराये का सौगात देने जा रही है। शीतकाल में अधिक से अधिक यात्रियों को वातानुकूलित आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से किराये में कमी की जा रही है। इससे यात्रियों को कम किराया पर शीतकाल में आरामदायक यात्रा करने का लाभ मिलेगा। साथ ही निगम की एसी बसों का लोड फैक्टर भी बढ़ेगा, जिससे आय में वृद्धि होगी। परिवहन मंत्री के मुताबिक यात्री किराये में लगभग 20 प्रतिशत तक की कमी की गयी है।

# बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर में मनाया गया क्रिसमस का पर्व



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः बुधवार को** बाबा कढ़ेरा सिंह विद्या मंदिर में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वक्ताओं ने ईसा मसीह से जुड़े रोचक वृत्तांत सुनाए। प्रबंध निदेशक गौरव सिंह ने बताया कि 25 दिसम्बर एक धार्मिक और सांस्कृतिक समारोह के रुप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह धार्मिक श्रद्धा और सांस्कृतिक उत्सव का मिश्रण है। ईसाइयों की मान्यताओं के अनुसार यह दिन ईसा मसीह का जन्मदिवस है। प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि इस उत्सव को मनाने की परम्परा कुछ विशेष क्रियाकलाप शामिल रहते हैं। इस मौके पर सेंटा क्लाज द्वारा उपहार बाँटना, क्रिसमस कार्डों का वितरण, क्रिसमस संगीत, क्रिसमस के गीतों को गाना, मोमबत्ती जलाना, चर्च में सेवा करना, विशेष भोजन का आयोजन शामिल होता है। कार्यक्रम में चेयरमैन सुरेश सिंह, प्रबंध निदेशक गौरव सिंह,

प्रबंधक प्रह्लाद सिंह, शिक्षा प्रभारी एसबी सिंह, उपप्राचार्य रामबाबू, प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र सिंह, कोऑर्डिनेटर बिपिन सिंह, सहित शिक्षक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।




# सुशासन लाना सरकार का संकल्प: राजनाथ

## भारत में पहली बार विकास दर 8.4 प्रतिशत पर अटल जी के समय में पहुंची- रक्षा मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल जी के जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अटल जी ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने



देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उन्होंने अटल जी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि, एक

**याद किया**

**⏩ देश में मोबाइल की क्रांति अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन है- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो। यही अटल जी का विजन था, जिसे आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने अटल जी की ऐतिहासिक योजनाओं को याद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शिता ने भारत को सड़क, टेलीकॉम और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई दिशा दी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अंत्योदय योजना जैसे अभियानों ने भारत के गांवों और गरीबों के जीवन को बदल दिया। उन्होंने कहा कि, अटल जी ने न केवल शहरों को सड़कों से जोड़ा, बल्कि गांवों को भी पक्की और बेहतर सड़कों से जोड़ा।

# महाकुम्भ: पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन होगा तैनात

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर :** महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर परिस्थिति में 45 करोड़ लोगों के संगम स्नान का पूरा सुरक्षित प्लान तैयार कर लिया गया है। इसी क्रम में महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया गया है। जो 24 घंटे पानी के भीतर हर गतिविधियों की



निगरानी करने में सक्षम है। सबसे खास बात यह है कि यह अंडर वॉटर ड्रोन अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने में कारगर हथियार साबित होने वाला है।

यह पानी के नीचे 100 मीटर गहराई तक टोह लेने में सक्षम है और किसी भी परिस्थितियों में सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की खूबियों से लैस है।

**हर गतिविधि पर रखेगा नजर**

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, पूर्वी जोन, प्रयागराज डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बुधवार को बेहद तेज गति से और असीमित दूरी तक पानी के अंदर काम करने वाले इस ड्रोन को लॉन्च किया।




